दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। मंगलवार 23 दिसम्बर-2025 • वर्ष : 10 अंक : 364 पेज-08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3







## योगी सरकार ने पेश किया रू० 24,496 करोड़ का अनुपूरक बजट, यूपी के विकास को मिलेगी नई रफ्तार



**नई दिल्ली।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की विकास गति को बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रू० 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए साफ कहा कि सरकार का फोकस विकास, बुनियादी ढांचा और जनकल्याण से जुड़े प्राथमिक क्षेत्रों को और मजबूत करना है। यह अनुपूरक बजट मूल बजट का करीब 3.03 प्रतिशत है, जिससे प्रदेश की आर्थिक जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि इस अनुपूरक बजट में रू० 18,369 करोड़ का राजस्व व्यय और रू० 6,127 करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित है। सरकार की कोशिश है कि रोजमर्रा की जरूरतों के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी निवेश बढ़ाया जाए। मूल बजट रू० 8.08 लाख करोड़ था, जबकि अनुपूरक बजट के बाद कुल बजट अब रू० 8.33 लाख करोड़ से ज्यादा का हो गया है। इसे यूपी सप्लीमेंट्री बजट 2025 के रूप में अहम माना जा रहा है।

### शहरों, शिक्षा और महिलाओं पर खास फोकस

नगर विकास के लिए रू० 1,758.56 करोड़ का बजट रखा गया है, जिससे शहरी इलाकों में सड़क, पानी और सीवरेज जैसी सुविधाओं में सुधार होगा। तकनीकी शिक्षा के लिए रू० 639.96 करोड़ का प्रावधान किया गया है, ताकि युवाओं को स्किल और इनोवेशन से जोड़ा जा सके। महिला एवं बाल विकास के लिए रू० 535 करोड़ दिए गए हैं, जो वूमेन इम्पावरमेंट स्कीम को आगे बढ़ाएंगे।

### उद्योग, ऊर्जा और स्वास्थ्य सरकार की टॉप प्राथमिकता

अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए रू० 4,874 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। पावर सेक्टर को रू० 4,521 करोड़ दिए गए हैं, ताकि बिजली व्यवस्था और मजबूत हो सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए रू० 3,500 करोड़ की बड़ी राशि रखी गई है, जिससे सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। यह फैसला यूपी में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

### सौर ऊर्जा, मेडिकल एजुकेशन और कृषि को भी राहत

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए यूपीनेडा को रू० 500 करोड़ दिए गए हैं। मेडिकल एजुकेशन के लिए रू० 423.80 करोड़ और गन्ना एवं चीनी मिल सेक्टर के लिए रू० 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने FRBM नियमों का पूरा पालन किया है और उत्तर प्रदेश अब रेवेन्यू सरप्लस स्टेट की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, योगी सरकार का यह अनुपूरक बजट विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की साफ तस्वीर पेश करता है।

## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की होगी 28 दिसम्बर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एंट्री

### बैठक के मिल रहे हैं संकेत लेकिन अभी लोकेशन तय नहीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी का नाम घोषित हो चुका है। गाजियाबाद से भाजपा कार्यकर्ता उन्हे दिल्ली और लखनऊ जाकर बधाई दे चुके हैं। नयी ताजपोशी पर भाजपा में पूरी गर्म जोशी के साथ बधाई और शुभकामनायें देने का चलन है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह उनकापहला दौरा होगा। सूत्र बताते हैं कि 28 दिसम्बर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेंगे। बताया जाता है कि इस बैठक में सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और क्षेत्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। ये बैठक एसआईआर अभियान से लेकर 2027 के चुनावी प्लान को लेकर होगी।

नये अध्यक्ष के आगमन के संकेत मिलने पर इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। हालाकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किस जिले में बैठक लेंगे इसकी लोकेशन अभी तय नहीं है। सूत्र बताते हैं कि 28 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष आयेंगे और बहुत संभावना है कि यह बैठक मेरठ में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर भी हो सकती है।

एक अनुमान ये भी लगाया जा रहा है कि यह बैठक गाजियाबाद में किसी कॉलेज के सभागार में भी हो सकती है। फिलहाल अभी स्थान कन्फर्म नहीं है लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि तिथि कन्फर्म हो गयी है।

## लोनी में ड्रग्स बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार




**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद के लोनी क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना लोनी पुलिस ने अवैध ड्रग्स तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 3 किलो 600 ग्राम ड्रग्स बरामद किया है। दरअसल 22 दिसंबर को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास ड्रग्स बेच रहे है सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुहैल (22) और जहांगीर बेग (42) के रूप में हुई है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी चोरी-छिपे बाहर से ड्रग्स मंगाकर उसे छोटे-छोटे पैकेट में बेचते थे। ये लोग लोनी और आसपास के इलाकों में घूम-फिरकर नशा बेचने का काम करते थे। बरामदगी के आधार पर थाना लोनी में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज दिया है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से ड्रग्स की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर इलाके में बेचते आ रहे थे। पुलिस अब दोनों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# क्रिकेट की दुनिया में वीवीआईपी मैन प्रवीन त्यागी का मास्टर स्ट्रोक

## थाईलैंड में पाकिस्तान और श्रीलंका से भिड़ेंगे भारतीय खिलाड़ी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वीवीआईपी ग्रुप के चेयरमैन प्रवीन त्यागी केवल एक नाम नहीं हैं बल्कि वो अपने आप में एक ईवेंट हैं। वो चीजों को शानदार करना जानते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो चाहे निर्माण के क्षेत्र में हों, वो चाहे खेल के क्षेत्र में हों, उनके हर काम में राष्ट्र प्रेम दिखाई देताहै और सबसे बड़ी बात ये है कि वो आसमान की ऊंचाईयां छूने के बाद भी अपने वतन की मिट्टी से जुड़कर चलते हैं। बेहतर को बेहतरीन बनाना जानते हैं और खेल की दुनिया में उन्होंने एक नया एचीवमेंट दिया है। ये एक बड़ी उपलब्धि है कि वैटर्न क्रिकेट में अब उनका जलवा दिखाई देगा और एशिया लीजेंट कप के लिए भारतीय टीम घोषित हो गयी है। थाईलैन्ड में पाकिस्तान और श्रीलंका से भारतीय टीम का मुकाबला होगा।

### बीवीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी भी उत्साह और ऊर्जा से लबरेज



**करंट क्राइम।** कोई भी ड्रीम जब अपनी थीम के अनुसार पूरा होता है तो जाहिर तौर पर पूरी टीम को खुशी होती है। बीवीसीआई की बात करें तो यहां टीम भी है, थीम भी है, ड्रीम भी है। बीवीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी हैं। रविन्द्र त्यागी ना केवल यूपी बीवीसीआई के अध्यक्ष हैं बल्कि वो बिल्डर एसोसिएशन से भी जुड़े हैं। खेलों की दुनिया में वो भी अपना पूरा योगदान देते हें। उनकी पहचान भी एक ऐसे व्यक्तिव के रूप में हैं जो खेलों से लेकर सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर योगदान देते हैं, अपने शहर से एक विशेष लगाव है। जब थाईलैन्ड में बीवीसीआई का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट शुरू होगा तो इस खुशी को रविन्द्र त्यागी भी सैलिब्रेट करेंगे। एशिया लीजेंट कप वास्तव में बीवीसीआई के लिए एक बड़ा अचीवमेंट है।




### पहले होगी पाकिस्तान से बात, फिर तय होगा कि खेल के लिए मिलाना है क्या हाथ

करंट क्राइम। प्रवीन त्यागी बीवीसीआई के नेश्नल प्रेसिडेंट हैं । खेल हो या व्यापार का मैदान हो उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि रहता है। और यहां भी उन्होंने एक बार फिर इस बात को स्पष्ट किया है। दरअसर इस प्रतियोगिता में सबसे पहला मैच भारत और पाकिस्तान के बीच 28 जनवरी को खेला जायेगा। इस मैच का सीधा प्रसारण भी होगा। बीवीसीआई के ऑल इंडिया प्रेसिडेंट प्रवीन त्यागी ने ये कहा कि वहां पर मैच से पहले भारत टीम के खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलायेंगे। लेकिन हाथ मिलाने के विषय पर वहीं पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी खेल आपसी सद्भावना के लिए खेला जाता है और सद्भावना के साथ खेले गये खेल से भी बड़ी बड़ी समस्याओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट के दौरान हम प्रोटोकॉल का पालन करेंगे और यहां पर हमारे लिए हमारा देश सर्वोपरि होगा और आगे का फैसला दिशा निर्देशों के बाद किया जायेगा।

### उत्तरप्रदेश से पूर्व रणजी खिलाड़ी भी शामिल हुए हैं टीम में

करंट क्राइम। बीवीसीआई का एशियाई लीजेंट कप थाईलैन्ड में होगा। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा बीवीसीआई के ऑल इंडिया प्रेजिडेंट प्रवीन त्यागी ने की। एशियाई लीजेंट कप के लिए जो भारतीय टीम घोषित हुई है उसमें उत्तर प्रदेश के दो पूर्व रणजी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनमें एक खिलाड़ी गाजियाबाद से और एक खिलाड़ी मेरठ से लिये गये हैं। गाजियाबाद से पूर्व रणजी खिलाड़ी परविन्द्र कुमार का सलैक्शन हुआ है, और मेरठ से कपिल राणा टीम में चुने गये हैं।


कपिल राणा


परविन्दर कुमार

### एशिया लीजेंट कप के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ी



**करंट क्रइाम।** वैट्रन क्रिकेट का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होना है। टीम के लिए भारतीय वैट्रन क्रिकेट में जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है वो खिलाड़ियों के अनुभव और फिटनेस के आधार पर हुआ है। यहां पर एक मानक अनुशासन और पूर्व के प्रर्दशन का भी है। इसके अलावा सलैक्शन में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि इन खिलाड़ियों का वैट्रन क्रिकेट में क्या योगदान है। सलैक्शन कमेटी ने देश के विभिन्न जोन से खिलाडियों को टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। एशिया लीजेंट कप के लिए जो टीम घोषित की है उसमें नोर्थ जोन से मनप्रीत गोनी को कप्तान के रूप में लिया गया है। नॉर्थ जोन से अमरदीप सोनकर, अजीत चंदेला, विजय सिंह,प्रवीण थापर के नाम हैं। इसके अलावा ईस्ट जोन से जतिन सक्सैना उपकप्तान, मौ. कलीम खान, विक्रम बत्रा विकेट कीपर तथा अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में ईस्ट जोन से चंद्रशेखर खुंटे को लिया गया है। इसी टीम में वैस्ट जोन से शादाब जकाती, वीनीत बंसल को लिया गया है। इसके अलावा सेंट्रल जोन से प्रविन्द्र सिंह , कपिल राणा, दीपक शर्मा (विकिट कीपर), गौरव सचदेवा और लोकेश जैन, नरेन्द्र मीणा को लिया गया है। साउथ जोन से नईम तथा बलराज के नाम हैं।

### वीवीआईपी मैन का ड्रीम विजन है वैट्रन क्रिकेट टूर्नामेंट

करंट क्राइम। प्रवीन त्यागी एक ऐसा व्यक्तिव जिन्होंने बेशुमार खिलाड़ियों को मौका दिया है। वीवीआईपी स्टेडियम से लेकर नेहरू स्टेडियम तक उनका ये विजन दिखाई देता है। उनको अपने बारे में बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके बारे में वो खिलाड़ी बता देंगे। जिनकी सफलता की पिच प्रवीन त्यागी के प्रयासों से तैयार हुई है। प्रवीन त्यागी एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने वैट्रन क्रिकेट को अपने ड्रीम विजन के रूप में चुना। प्रवीन त्यागी वैट्रन क्रिकेट वीसीआई के ऑलइंडिया प्रेसिडेंट हैं। गाजियाबाद के लिए ये गर्व का विषय है कि उनके शहर के एक चेहरे ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने शहर का नाम रोशन कर दिया है। प्रवीन त्यागी वीवीआईपी मैन के रूप में एक ऐसे चेहरे के रूप में सामने आयें हैं जो किसी भी कार्यक्रम को ईवेंट बनाना जानते हैं। एक ऐसी शख्सियत हैं जो किसी भी टेलेंट को सफलता के मुकाम पर पहुंचाना जानते हैं। बड़ी बात ये है कि हर काम को वो एक विजन के साथ करते हैं और शिद्दत से करते हैं। कई खिलाड़ियों को मौका दिया है और अब जब बीवीसीआई का ये टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगा तो ये एक मील का पत्थर उन खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा जो पैड उतार चुके हैं।

### 27 जनवरी को थाईलैन्ड के लिए रवाना होगी भारतीय वैट्रन क्रिकेट टीम

करंट क्राइम। बीवीसीआई के ऑल इंडिया प्रेजिडेंट प्रवीन त्यागी ने टीम की अधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि सभी सलैक्टिड खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी हैं और ये विश्वास है कि भारतीय टीम एशिया लीजेंड कप में देश और बीवीसीआई का नाम गौरवान्वित करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के चयन की अधिकारिक पुष्टि की, और कहा कि एशियायी लीजेंड कप 2026 थाईलैन्ड का आयोजन 28 जनवरी 2026 से 4 फरवरी तक हो रहा है। इसमें एशिया से 6 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांगलादेश, यूएई, हांगकांग की टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम 27 जनवरी को दिल्ली एयरपोर्ट से थाईलैंड के लिए रवाना होगी। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट 28 जनवरी से 4 फरवरी तक थाईलैंड के चियांग माई इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित होगा

### पूर्व हो गये खिलाड़ियों को वीवीआईपी मैन का अभूतपूर्व तोहफा

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वीवीआईपी मैन प्रवीन त्यागी नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर वीवीआईपी मैन की छवि का निर्माण कर चुके हैं। वो वास्तव में उन लोगों के लिए वीवीआईपी मैन बनकर उनकी लाईफ में आये हैं जिन लोगों को उन्होंने फिर से प्रतिभा दिखाने का चांस दिया है। नये खिलाड़ियों की एक पौध तैयार की है और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी हैं। अब उन्होंन वैट्रन क्रिकेट के इस रूप को रोचक और भव्य बना दिया है। पूर्व खिलाड़ियों कोा फिर से पैड, बैट और बॉल का मौका दिया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके लिए द्वार खोले हैं। प्रवीन त्यागी की ये सोच उन खिलाड़ियों के लिए एक नया मौका लेकर आयी है जो 40 वर्ष की आयु सीमा पार कर चुके हैं। 40 वर्ष की आयु पार कर चुके पूर्व खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनायें लेकर प्रवीन त्यागी आये हैं। वैट्रन चैम्पियनशिप में सभी खिलाड़ी 40 वर्ष की आयु वर्ग से हैं। सभी खिलाड़ियों को फिटनेट, अनुशासन, पेशेवर व्यवहार और खेल भावना के उच्चतम मानकों पर चुना गया है। जो खिलाड़ी अब रिटायर हो चुके थे एक बार फिर उन्हें अपना खेल कौशल दिखाने का मौका वीवीआईपी मैन ने दिया है। वास्तव में प्रवीन त्यागी और उनके दोस्तों की टीम ने अपना नहीं बल्कि कई खिलाड़ियों का ड्रीम सच कर दिखाया है। जब प्रवीन त्यागी ने वेट्रन क्रिकेट के कन्सैप्ट को शुरू किया होगा तब ये सोचा भी नहीं होगा कि उनका ये फैसला कितने ही 40 प्लस खिलाड़ियों के जीवन में एक नयी उमंग और तरंग लेकर आयेगा। बीवीसीआई का इतना बड़ा नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगा। लेकिन जो लोग स्ट्रांग विजन, मजबूत संकल्प और जज्बे के साथ किसी काम को करते हैं तो फिर कोई रीजन ही नहीं है कि सफलता उनके पाले में ना आये।



# कोडिन कफ सिरप केस: योगी ने विपक्ष को घेरा बोले–अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडिन कफ सिरप मामले पर यूपी विधानसभा में जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। इस मामले में एनडीपीएस के अंतर्गत कार्रवाई होगी, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कोर्ट में लड़ा और जीता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस उम्र में व्यक्ति सच बोलने का आदी होता है, लेकिन समाजवादी इस उम्र में भी उनसे झूठ बोलवा देते हैं। समाजवादियों को ऐसा नहीं करना चाहिए और उन्हें भी सच बोलने का आदी होना चाहिए। उन्होंने लंबे समय तक स्पीकर के रूप में सदन को आगे बढ़ाया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की कार्रवाई की जानकारी भी सदन में रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में अब तक 79 अभियोग दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 225 अभियुक्त नामजद हैं। 78 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और 134 फर्मों पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई में जाएंगे तो बार-बार यही तथ्य सामने आता है कि कहीं न कहीं समाजवादी पार्टी से जुड़ा कोई नेता या व्यक्ति इसमें संलिप्त पाया जाता है। अवैध लेन-देन भी लोहिया वाहिनी के एक पदाधिकारी के खाते के माध्यम से हुआ है। एसटीएफ पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने इस लड़ाई को पूरी मजबूती से लड़ा है और इसमें सफलता भी प्राप्त की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। सीएम ने बुलडोजर एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी पर तंज कसा। कहा कि चिंता मत कीजिए, समय आने पर बुलडोजर एक्शन की पूरी तैयारी रहेगी, उस समय चिल्लाइएगा नहीं।

### समाजवादी पार्टी के लोगों का पढ़ाई–लिखाई से कोई वास्ता नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे हों या एडल्ट, बिना चिकित्सीय परामर्श के कोई भी इसका सेवन नहीं कर सकता। खांसी होने पर हर कोई कफ सिरप लेता है, लेकिन चिकित्सीय परामर्श से। उस पर यह अंकित भी होता है, लेकिन समाजवादी पार्टी के लोगों का पढ़ाई-लिखाई से कोई वास्ता है नहीं, इसलिए आप लोग ऐसी बाते करते हैं।

### 2016 में समाजवादी पार्टी ने यूपी के सबसे बड़े होलसेलर को जारी किया था लाइसेंस

सीएम योगी ने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी के सबसे बड़े होलसेलर को एसटीएफ ने पकड़ा था। 2016 में समाजवादी पार्टी ने उसे लाइसेंस जारी किया था। सीएम ने कहा कि देश में दो नमूने हैं। एक दिल्ली व दूसरा लखनऊ में बैठता है। जब देश में कोई चर्चा होती है तो वह देश छोड़कर भाग जाते हैं। यही आपके बबुआ के साथ भी हो रहा है। आप चिल्लाते रहेंगे और बबुआ सैरसपाटे के लिए इंग्लैंड चले जाएंगे।

### यूपी में नहीं होता कोडिन कफ सिरप का प्रोडक्शन

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कोडिन कफ सिरप (नकली दवा) के कारण मौत की कोई भी बात शासन के संज्ञान में नहीं आयी है। समय–समय पर एफएसडीए विभाग लगातार छापेमारी व कार्रवाई करती है। कंपनियों में भी इस प्रकार की कार्रवाई होती है। यूपी में कोडिन कफ सिरप के केवल स्टाकिस्ट व होलसेलर हैं। इसका यहां प्रोडक्शन नहीं होता। इसका प्रोडक्शन मध्य प्रदेश, हिमाचल व अन्य राज्यों में होता है। मौत के जो प्रकरण आए हैं, वह भी अन्य राज्यों के हैं। ऐसे प्रकरण तमिलनाडु में बने सिरप के कारण आए हैं। यह पूरा प्रकरण इललीगल डायवर्जन का है। इसके माध्यम से होलसेलर (सहारनपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी) ने इसे उन देशों व राज्यों में पहुंचाया है, जहां मद्य निषेध है। वहां नशे के आदी लोगों को इसे लेने की आदत है। वहां इसका दुरुपयोग किया गया है।

# जीत के बाद पहली दिल्ली यात्रा नीतीश ने शाह और पीएम से की मुलाकात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिवसीय यात्रा पर दिल्ली गए हैं। उन्होंने आज गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे।

बिहार चुनाव में शानदार जीत और दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार नीतीश कुमार दिल्ली गए हैं। सोमवार को सीएम नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री एवं जदयू सांसद ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के बीच करीब 25 मिनट तक बातचीत हुई। वहीं गृह मंत्री से 15 तक बातचीत हुई।

दोनों बैठक के दौरान बिहार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को और मजबूत करने, विकास योजनाओं को गति देने तथा कानून-व्यवस्था और सुशासन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।



### दिल्ली में गृह मंत्री से मुलाकात करने पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

इधर, इस मुलाकता के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण और सुशासन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस: ईडी की याचिका पर सोनिया-राहुल को हाई कोर्ट का नोटिस




**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी ने अपनी अपील में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है। जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत को खारिज कर दिया था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आर. एस. चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसंबर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है।

**क्या है मामला :** दरअसल. ईडी ने चार्जशीट में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा व दिवंगत पार्टी नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के साथ एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है।

इसमें आरोप लगाया गया है कि इन लोगों ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेट (एजेएल) की करीब 2000 रुपये की संपत्ति अर्जित की। एजेएल नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र प्रकाशित करती है। ईडी ने यह भी आरोप लगाया है कि यंग इंडियन में गांधी परिवार के पास 76 फीसदी शेयर हैं, जिसने 90 करोड़ रुपये कर्ज के बदले एजेएल की संपत्तियों पर धोखाधड़ी से कब्जा किया था।

### क्या कहा था निचली अदालत ने

विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्तूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# फतेहपुर में राज्यपाल का बयान: एसआईआर जरूरी, घुसपैठियों पर कार्रवाई जारी

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एसआईआर का कार्य लगातार चल रहा है और यह स्पष्ट हो चुका है कि देश में अवैध रूप से घुसे लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो घुसपैठिए हैं, उन्हें बाहर निकालने का काम सरकारें कर रही हैं, इसलिए एसआईआर का विरोध नहीं किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार को फतेहपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरित की गई, महिलाओं को पोषण किट दिए गए और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।



आंगनबाड़ी व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं, लेकिन लंबे समय तक इन पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े कॉलेज, विश्वविद्यालय और अधिकारियों के भवन तो सुविधाओं से युक्त हैं, लेकिन जहां छोटे बच्चे पढ़ते और आते हैं, वहां आवश्यक सुविधाओं का अभाव रहा। इसी कमी को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने की पहल की गई।

राज्यपाल ने बताया कि वर्ष 2019 में पदभार संभालने के बाद आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। बजट की सीमाओं को देखते हुए जनसहयोग के माध्यम से कार्य शुरू किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 50 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में 22 से 25 हजार रुपये मूल्य के करीब 22 प्रकार के आवश्यक संसाधन पहुंचाए जा चुके हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बेटियों को एचपीवी वैक्सीन दिए जाने के अभियान का भी उल्लेख किया। राज्यपाल ने जिला अधिकारी से आग्रह किया कि जनसहयोग के माध्यम से सरस्वती विद्या मंदिर और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी पात्र छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर यह टीका लगाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस महानिदेशक और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि पुलिस कॉलोनियों का सर्वे कराकर वहां रहने वाली 9 से 15 वर्ष आयु की बच्चियों की सूची तैयार की जाए और उनका टीकाकरण कराया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिसकर्मी चौबीस घंटे जनता की सुरक्षा में लगे रहते हैं, इसलिए उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी समाज और सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाना और उन्हें स्वस्थ भविष्य देना है।

# मुस्लिम तुष्टीकरण आरोप पर विवाद रावत ने रील हटाने और माफी की मांग की

**देहरादून।** उत्तराखंड बीजेपी ने पूर्व सीएम हरीश रावत पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया हैं। वहीं हरीश रावत ने बीजेपी से माफी मांगने की मांग की है। बीजेपी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर एक रील अपलोड की है, जिसमें मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया गया है। इस पर हरीश रावत ने रील हटाने के साथ ही ऐसा न करने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। साथ ही पार्टी ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



एआई से बनी इस रील की शुरूआत में रावत कहते दिख रहे हैं, मुस्लिम शरणम गच्छामि, मजार शरणम गच्छामि, लव जिहाद शरणम गच्छामि₹ (मैं मुसलमानों की शरण में जाता हूं, मैं मजारों की शरण में जाता हूं, मैं 'लव जिहाद' की शरण में जाता हूं)। इसके बाद की तस्वीरों में एक मजार का निर्माण और कुछ लोग मुस्कुराते हुए और उत्तराखंड की देवभूमि' को 'मजारों की भूमि में बदलने के बारे में बात करते हुए दिख रहे हैं। रील के आखिर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुलिस और बुलडोजर के साथ चलते हुए दिख रहे हैं। 29 सेकंड की इस रील में कहा गया है, सत्ता की लालच में अंधी कांग्रेस ने हमेशा सिर्फ कुर्सी की परवाह की है, भले ही इसके लिए देवभूमि की पवित्रता से समझौता करना पड़े। वोट बैंक की राजनीति के लालच में, कांग्रेस ने पहाड़ों की डेमोग्राफी को पूरी तरह से बदल दिया था, लेकिन अब और नहीं। भाजपा का झूठ, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के लोगों का ध्यान समस्याओं व जनकल्याण से जुड़े सवालों से हटाना है। यही वजह है कि प्रदेश के लोगों को पिछले नौ साल से कुशासन भोगना पड़ रहा है। प्रदेश में पलायन, मानव-वन्य जीव संघर्ष से हो रही मौत, बढ़ती बेरोजगारी, असंतुलित राज्य का विकास, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार भाजपा के झूठ का परिणाम है। वन्यजीवों के बंध्याकरण का निर्णय उचित है।

# जालंधर में हादसा: फैक्टरी में कैंटर गिरने से महिला समेत दो की मौत

**पंजाब।** पंजाब के जालंधर में बड़ा हादसा हुआ है। एक फैक्टरी में भारी भरकम कैंटर गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग चपेट में आकर घायल हुए हैं। इस घटना के बाद फैक्टरी में अफरा–तफरी मच गई। जालंधर के धोगड़ी रोड पर स्थित मैक च्वाइस टूल फैक्टरी में एक बड़ा हादसा हुआ है। फैक्टरी परिसर में अचानक भारी कैंटर गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 9 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल है, जिससे हादसे के बाद अस्पताल में परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गदईपुर स्थित विशाल टूल संचालक की दूसरी यूनिट धोगड़ी रोड पर मैक च्वाइस टूल के नाम से है।

# आरकेजीआईटी गाजियाबाद में विज्ञान प्रदर्शनी टेक एक्सपो 5.0 का भव्य आयोजन

## 50 स्कूलों के 400 से अधिक छात्रों की ऑफलाइन एवं ऑनलाइन सहभागिता

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दिनांक 20 दिसंबर 2025 (शनिवार) को 5.0 – विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन STEAM (Science, Technology, Engineering, Arts & Mathematics) आधारित नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस टेक एक्सपो में 50 से अधिक स्कूलों के 400 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा कुल 150 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनमें उनकी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, मेडिकल एप्लिकेशन्स, ऊर्जा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट तथा स्टार्ट-अप आधारित प्रोजेक्ट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर दो श्रेणियों में आयोजित किया गया। सीनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, विजय नगर, गाजियाबाद को 15,000, द्वितीय पुरस्कार विद्यापन ग्लोबल स्कूल, गाजियाबाद को 10,000 तथा तृतीय पुरस्कार महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम, गाजियाबाद को 5,100 की धनराशि प्रदान की गई। जूनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डीएवी इंटर कॉलेज, बागपत को 7,100, द्वितीय पुरस्कार सूरवेन इंटरनेशनल स्कूल, मोदीनगर को 5,100 एवं तृतीय पुरस्कार छाया पब्लिक स्कूल, मोदीनगर को 2,100 प्रदान किए गए।






इसके अतिरिक्त, दोनों श्रेणियों में तीन-तीन Outstanding Performance Awards भी दिए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर, ठक्करक भारत सरकार एवं संजय कुमार शाही, निदेशक/वैज्ञानिक–एफ, एमएनआरई, भारत सरकार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों में नवाचार की भावना विकसित करने और आत्मनिर्भर भारत की सोच को सशक्त बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर 10 उद्योग विशेषज्ञों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कॉलेज के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन (अकादमिक्स) डॉ. आर.के. यादव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. एच.जी. गर्ग सहित सभी विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति रही। टेक एक्सपो 5.0 ने स्कूल और उच्च शिक्षा के बीच नवाचार आधारित सेतु का कार्य किया।

# पीलीभीत में गैस गीजर से दम घुटा, दंपती की दर्दनाक मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत में गैस गीजर का इस्तेमाल करना दंपती की जान पर भारी पड़ गया। नहाते समय पत्नी का दम घुटा तो बचाने गया पति भी बेहोश हो गया। कुछ ही देर में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें दम घुटने से मौत होना आया है। पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। जांच के आधार पर ऐसा माना जा रहा है कि नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। पुलिस अफसरों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

घटना रविवार देर रात सामने आई। मोहल्ला गुरुकुल पुरम में डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरजिंदर सिंह (42 वर्ष) और उनकी पत्नी रेनू सक्सेना (40) बाथरूम के अंदर मृत पाए गए।



बताया गया कि शाम के समय छत पर कपड़े पड़े देख पड़ोस की एक महिला ने पहले रेनू को कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हरजिंदर के मोबाइल पर भी कॉल कराया गया, पर फोन नहीं उठा। आसपास के लोग एकत्र हुए और देखा तो कमरे का मुख्य दरवाजा खुला था, लेकिन अंदर कोई नहीं दिखाई दिया। बाथरूम के करीब जाकर देखने पर पति-पत्नी अंदर फर्श पर पड़े दिखाई दिए।

**पांच साल पहले किया था प्रेम विवाह :** पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी। कोतवाल सत्येंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम की मदद से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय गीजर गैस का उपयोग करने से ऑक्सीजन की मात्रा कम होने पर पत्नी का दम घुटा होगा। पति उसे बचाने के लिए गया, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। दोनों का करीब पांच साल पूर्व प्रेम विवाह हुआ था।

हरजिंदर मूलरूप से शहर के सुभाषनगर क्षेत्र का रहने वाले थे और करीब एक साल से गुरुकुल पुरम कॉलोनी में पत्नी के साथ किराये के मकान में रह रहे थे। सूचना पर एएसपी विक्रम दहिया और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंचे। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि गीजर गैस के उपयोग के चलते ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से दंपती की मौत की बात सामने आई है।

### महिला के नहाने की सामने आई बात

बाथरूम में दंपती के शव पड़े मिले। रेनू के बाल गीले थे। शरीर पर कोई वस्त्र भी नहीं था। वहीं हरजिंदर कपड़े और जूते पहने हुए थे। बाथरूम में गीजर गैस की दुर्गंध भी आ रही थी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि करीब एक माह पूर्व सड़क हादसे में रेनू सक्सेना का एक हाथ भी टूट गया था। प्लास्टर कुछ दिन पूर्व ही हटवाया था, वह हाथ से कमजोर थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय रेनू का दम घुटने की जानकारी पर हरजिंदर उन्हें बचाने गए। वस्त्र पहनाने का सोचकर उन्होंने बाथरूम को कुंडी लगा दी। लेकिन इससे पहले वह रेनू को बाहर निकाल पाते। वह भी दम घुटने से बेहोश होकर गिर गए। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई।

### एक दिन पूर्व जन्मदिन पार्टी में हुए थे शामिल

पड़ोस के रहने वाले लोगों का कहना था कि करीब एक साल पूर्व से हरजिंदर पत्नी के साथ किराये के मकान में रह रहे थे। दोनों में प्रेम व्यवहार था। कभी कोई झगड़ा का भी कोई मामला सामने नहीं आया। एक दिन पूर्व पास के ही घर में बच्चे के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें पति–पत्नी शामिल हुए थे।

### जन्म के बाद खत्म हो गई दो पुत्रियां

मृतक के बड़े भाई हरी सिंह का कहना है कि हरजिंदर और उसकी पत्नी रेनू में कभी कोई विवाद सामने नहीं आया। रेनू की ससुराल बीसलपुर में बस अड्डे के पास स्थित है। हरी ने बताया कि दोनों ने पांच साल पूर्व प्रेम विवाह किया था। दो बार पुत्रियों का जन्म हुआ, लेकिन दोनों की जन्म के बाद मौत हो गई थी।

# दिल्ली में संपन्न हुई एकल रन 4.0 2500 प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

**नई दिल्ली।** दिल्ली। 21 दिसंबर को दिल्ली के बिरसा मुंडा ग्राउंड (गांधी दर्शन), राजघाट में एकल रन 4.0 संपन्न हुई। गानों पर थिरकते युवा, युवितयां, महिलओं और बुजुर्गों का उत्साह। बच्चों के साथ आए परिवार का जोश। सुबह-सुबह देखते ही बनता था। सबसे पहले 10 किलोमीटर के प्रतिभागियों को एकल रन सुबह 9 बजे से मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र गुप्ता और डॉ. सुनीता गोदारा ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद 05 किलोमीटर के प्रतिभागियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी तरह 5 किलीमीटर और एक किलोमीटर फन रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकल रन 4.0 में हर किसी के लिए चुनौती थी, चाहे उनकी फिटनेस का स्तर कुछ भी हो। करीब-करीब 2500 प्रतिभागियों दौड़ के लिए पंजीकरण कराया था। 10 किमी, 05 किमी के टॉप फाइव विजेताओं को ईनाम और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




इसके अलावा 30 उम्र से अधिक के टॉप फाइव महिला और पुरुष विजेताओं को भी चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल से आए बच्चों ने भी जोश के साथ फन रन में भाग लिया।

एकल रन का आयोजन भारत लोक शिक्षा परिषद के एकल युवा विंग द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य है भारत के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के वंचितों की मदद करना।

कार्यक्रम का संचालन रेस डायरेक्टर डॉ. सुनीता गोदारा ने किया। वह 1992 की एशियाई मैराथन चैंपियन स्वर्ण पदक विजेता हैं। 1996 में एशियाई मैराथन जो बैंकॉक में हुई उसमें उन्होंने कांस्य पदक जीता था। सुनीता गोदारा ने चारों महाद्वीपों के 26 देशों में 76 पूर्ण मैराथन और 123 हाफ मैराथन जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उनके निर्देशन में कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनका जोश देखने लायक था। साथ ही वह धावकों को लोधी गार्डन में मुफ्त में ट्रेनिंग भी देती हैं।



दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। मंगलवार 23 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Kiran Singh
8m

कलयुग का दृष्टिकोण देखिए,
यहाँ दूसरों की पीड़ा को लोग "कर्मों का दंड" कहते हैं
और स्वयं की पीड़ा को "जीवन की परीक्षा"।
#कलयुग #दृष्टिकोण #सत्यवचन #कड़वा_सच #समाज



# लखनऊ से लौटकर डाला महानगर अध्यक्ष ने साहिबाबाद में डेरा

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर मीटिंग में दिये पार्षदों को निर्देश







### महानगर अध्यक्ष का फोकस है अब साहिबाबाद विधानसभा पर

करंट क्राइम। संगठन की कमान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के हाथोंमें है। वो वोट वाले अभियान में पूरी तरह से फोकस वहां कर रहे हैं जहां सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है। वो चाहते तो रविवार को देर रात लौटने के बाद मुरादनगर विधानसभा में भी एसआईआर की समीक्षा बैठक रख सकते थे। वो चाहते तो शहर विधानसभा में भी समीक्षा बैठक हो सकती थी। लेकिन उनकी कार्य शैली बता रही है कि केवल बैठक जरूरी नहीं है बल्कि बैठकर अभियान को दुरूस्त करना जरूरी है। इसलिए उन्होंने साहिबाबाद विधानसभा चुनी और वो वहां के विधायक सुनील शर्मा के कार्यालय पर गये। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। लखनऊ से गाजियाबाद आने के बाद उन्होंने एसआईआर अभियान कोलेकर साहिबाबाद में समीक्षा बैठक ली और निर्देश दिये।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी टेंशन एसआई आर अभियान को लेकर आ गयी है। ये ऐसी विधानसभा है जो भाजपा को सबसे बड़ा माईलेज देती है। एसआई आर अभियान में जिस तरह से फार्म रिर्टन नहीं हुए उसके बाद से एक बड़े डैमेज का खतरा मंडरा रहा है। हालाकि तर्क ये दिया जा रहा है कि यहां एएसडी फैक्टर ने काम किया है और डिफेंस में शिफिटिंग वोट की ओट ली जा रही है।

कहानी गम्भीर तब हुई जब रविवार को लखनऊ वाली बैठकमें मुख्यमंत्री ने चार बार साहिबाबाद विधानसभा का नाम लिया। ये नाम किसी उपलब्धि को लेकर नहीं था। ये नाम एसआई आर अभियान की धीमी प्रगति को लेकर था।

इस बैठक में मुख्य बिंदू एसआई आर ही रहा था और बैठक में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद थे। मयंक गोयल की सियासी प्रोफाईल का सबसे मजबूत पहलू ये है कि वो मूल भाजपाई हैं और मूल कार्यकर्ता हैं। संघ पृष्ठ भूमि से है, लिहाजा कार्यकर्ता भाव उनकी शैली में दिखाई देता है।



एसआई आर अभियान को लेकर अध्यक्ष की गम्भीरता सोमवार को दिखाई दी। मयंक गोयल देर रात लखनऊ से लौटे। और वो सुबह सवेरे ही साहिबाबाद विधानसभा में साहिबाबाद विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर पहुंच गये। लखऊ से लौटकर महानगर अध्यक्ष ने विधयक कार्यालय पर डेरा डाल दिया। यहां बैठक में पार्षदों को भी बुलाया गया था और मंडल कार्यकर्ता भी थे।

बैठक में एसआई आर की धीमी प्रोग्रेस को लेकर फेस टू फेस चर्चा हुई। साहिबाबाद के लिए बताया गया कि यहां प्रगति बहुत धीमी रही है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यहां कई विषयों को चर्चा की, कई बिंदुओं को विस्तार से समझाया, कई बातों को गम्भीरता से खुद समझा।

### पार्षदों को पैगाम 70 प्रतिशत टारगेट के बिना नहीं करना है आराम

**करंट क्राइम।** टीम कप्तान के रूप में सोमवार को मयंक गोयल के तेवर काफी तल्ख दिखाई दिये। वो एसआईआर अभियान को लेकर नो कम्प्रोमाईज मूड में दिखाई दिये। बैठक में कई बार उनके तेवर भी तल्ख हुए और कई बार वो अपनी बात को समझाते हुए दिखाई दिये। सूत्र बतात है कि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक एसआईआर अभियान में 70 प्रतिशत लक्ष्य पूरा ना हो जाये तब तक पार्षद आराम ना करें। इस बैठक में साहिबाबाद क्षेत्र के सभी पार्षदों को बुलाया गया था। बैठक में महानगर अध्यक्ष ने सभी पार्षदों को निर्देश दिये कि जब तक हर वार्ड में एसआईआर का काम 70 प्रतिशत पूरा ना हो जाये तब तक कोई भी पार्षद आराम नहीं करेगा।

### प्रदेश संगठन महामंत्री करेंगे किसी भी वार्ड की खुद समीक्षा

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री की जुबान पर चार बार साहिबाबाद कानाम आने के बाद अब भाजपा में ही घमासान मच गया है। घमासान काम को लेकर है, एसआईआर अभियान को लेकर है। सोमवार वाली बैठक में पार्षदों को भी ये बताया गया कि अपने अपने वार्ड में 70 प्रतिशत का टारगेट पूरा करना है। उन्हें बता दिया गया कि वार्ड के पार्षद अभियान को हल्के में ना लें, क्योंकि खुद प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल कभी भी किसी भी वार्ड की समीक्षा कर सकते हैं। यहां पर पार्षदों को दूसरे अंदाज में ये भी बता दिया गया कि एसआईआर के रिजल्ट का सीधा कनेक्शन आने वाले चुनाव में तुम्हारे वार्ड की दावेदारी से है। अगर तुमने टारगेट पूरा किया तभी संगठन तुम्हारी दावेदारी में तुम्हारी तरफदारी करेगा। अगर तुमने काम नहीं किया तो फिर संगठन कुछ अलग ही निर्देश जारी करेगा।

# पूर्व पार्षद ने क्यों दे दिया मंडल प्रधानों को ये चैलेंज

## अगर ये एसआईआर फार्म को ठीक भर दें तो मैं ले लूं सन्यास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियानको लेकर सबसे ज्यादा घमासान भाजपा में है। भाजपा ही इसे जोर शोर से लेकर आई थी और अब भाजपा ही इसे लेकर टेंशन में है। गलती भाजपा के किसी पदाधिकारी की नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता भी इसमें जुटे हैं, लेकिन उन लोगों का क्या करें जिन्होंने फार्म तो ले लिए मगर फार्म भरकर वापस ही नहीं दिये।



लेकिन कहावत है कि कलह का सौटा हमेशा तभी बजता है तब टोटा आता है। टारगेट का टोटा है तो अब आपस में सोटा बजना शुरू हो गया है। नदियापार के एक पूर्व पार्षद ने एसआईआर में कम वोट रहने पर सबसे बड़ा खोट ही मंडल प्रधानों में निकाल दिया। उन्होंने कहा कि अब जनता को भी क्या कहें जब हमारे मंडल प्रधानों को ही इस बात की जानकारी नहीं है कि एसआईआर का फार्म केसे भरा जायेगा।

पूर्व मंडल प्रधान ने चौहानिया एलान किया कि मेरे वार्ड में तीन मंडल प्रधान हैं। उन्होंने बताया कि यहां संगठन के मुख्य घटक का मंडल अध्यक्ष है, यहां ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहते हैं और यहां पर महिला मोर्चा की भी मंडल अध्यक्ष हैं। पूर्व पार्षद ने तीनों मंडल प्रधानों को ये चुनौती दी और कहा कि आप इन मंडल प्रधानों को बुलाकार उनकी लिखित परीक्षा ले लो। उन्होंने कहा कि सारी समीक्षा का सार इस परीक्षा में निकल आयेगा। पूर्व पार्षद ने ये दावा किया कि मंडल अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अगर एसआईआर फार्म को ठीक से भर दें तो मैं पॉलिटिक्स से सन्यास ले लूंगा। वो इस बात पर नाराज थे कि सारा ठीकरा पार्षदों के सिर पर ही नहीं फोड़ा जाना चाहिए।

एसआई आर अभियान से हर मंडल के अध्यक्ष , मोर्चों के मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्षों को भी जोड़ा जाना चाहिए। उन्हें भी टारगेट दिये जायें। उन्होंने कहा कि यह एलान इसलिए है कि संगठन को भी इस बात की जानकारी हो कि जिन मंडल वालों को पद मिला है उनकी एसआईआर अभियान को लेकर जानकारी कितनी चौकस है। उन्होंने साफ कहा कि इसी बैठक में तीनों मंडल प्रधानों का एगजाम इन्हीं कुर्सियों पर ले लो। परीक्षाफल बता देगा कि फूल वालों को एसआई आर अभियान की कितनी जानकारी है।

# उत्तर प्रदेश अनुपूरक बजट 2025-26 : विकास, उद्योग और शहरी ढांचे को नई रफ्तार

## बजट को लेकर नेताओं ने कहा यह करेगा आम जनता के जनजीवन में एक बड़ा सुधार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए रू० 24,496.98 करोड़ के अनुपूरक बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने इसे आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विस्तार और शहरी-ग्रामीण संतुलन की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। ऊर्जा, औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य, नगर विकास और सहकारिता जैसे क्षेत्रों में बढ़े प्रावधानों को विकास की गति बनाए रखने वाला माना गया।

### वित्तीय संतुलन और विधायी जिम्मेदारी दिखती है: सुरेश कुमार कश्यप



करंट क्राइम। सुरेश कुमार कश्यप, पूर्व एमएलसी ने कहा कि अनुपूरक बजट में वित्तीय संतुलन स्पष्ट नजर आता है। जरूरी क्षेत्रों में ही अतिरिक्त खर्च किया गया है। यह जिम्मेदार और योजनाबद्ध बजट है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इससे सीधा लाभ होगा।

### शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा: आशु वर्मा



करंट क्राइम। आशु वर्मा, पूर्व महापौर ने कहा कि नगर विकास के लिए बढ़ा प्रावधान शहरों की तस्वीर बदलेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। नागरिक सुविधाओं में सुधार आएगा।

### औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक संकेत: केडी त्यागी



करंट क्राइम। केडी त्यागी, भाजपा नेता ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए रू० 4,874 करोड़ का प्रावधान निवेशकों में भरोसा पैदा करेगा। नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बजट प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में अहम कदम है।

### नगर निगमों के लंबित कार्य होंगे पूरे: प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। प्रवीण चौधरी, पार्षद एवं डिप्टी मेयर नगर निगम गाजियाबाद ने कहा कि अनुपूरक बजट से नगर निगमों को राहत मिलेगी। शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बढ़ी राशि से विकास कार्य तेज होंगे। शहर की आधारभूत जरूरतें पूरी होंगी। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उत्पादन लागत घटेगी और बाजार में स्थिरता आएगी। यह बजट गांव-गरीब को केंद्र में रखता है।

### नगर पालिकाओं के विकास को मिलेगा बल: विभु बंसल



करंट क्राइम। विभु बंसल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पिलखुआ ने कहा कि अनुपूरक बजट से नगर पालिकाओं को अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे। शहरी विकास मद में बढ़ी राशि से सफाई, सड़क और प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी। यह बजट स्थानीय स्तर पर विकास की गति बढ़ाएगा।

### बिजली और उत्पादन लागत में स्थिरता आएगी : अजय गुप्ता



करंट क्राइम। अजय गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि अनुपूरक बजट में ऊर्जा क्षेत्र के लिए रू० 4,521 करोड़ का प्रावधान उद्योग जगत के लिए बेहद अहम है। इससे बिजली आपूर्ति मजबूत होगी और उत्पादन लागत में स्थिरता आएगी। औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध बिजली मिलने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। यह बजट व्यापार और निवेश के माहौल को बेहतर करेगा।

### शहरों के अधूरे विकास कार्यों को मिलेगी गति : अजय शर्मा



करंट क्राइम। अजय शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर विकास के लिए रू० 1,758.56 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। सड़कों, नालों और सार्वजनिक सुविधाओं के काम तेज होंगे। यह बजट विकास की निरंतरता बनाए रखने वाला है। शहरों में नागरिक सुविधाओं का स्तर सुधरेगा।

### अनुपूरक बजट से विकास कार्यों को वित्तीय स्थिरता मिली: रमेश चंद तोमर



करंट क्राइम। रमेश चंद तोमर, पूर्व सांसद भाजपा ने कहा कि रू० 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट विकास की निरंतरता बनाए रखने वाला है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और उद्योग क्षेत्र में 9,000 करोड़ से अधिक का निवेश आर्थिक मजबूती का संकेत है। यह बजट केंद्र और राज्य की नीतियों में समन्वय को दशार्ता है। जनहित के कार्य बिना बाधा आगे बढ़ेंगे।

### शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा मजबूत आधार : गोपाल अग्रवाल



करंट क्राइम। गोपाल अग्रवाल, महानगर महामंत्री ने कहा कि अनुपूरक बजट में नगर विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। रू० 1,758 करोड़ से अधिक की राशि से शहरों में आधारभूत ढांचे के काम तेज होंगे। ट्रैफिक, जलनिकासी और नागरिक सुविधाओं में सुधार आएगा। यह बजट शहरी विस्तार की जरूरतों के अनुरूप है।

### निगमों को अतिरिक्त संसाधन मिलना राहत भरा निर्णय : कुलदीप त्यागी



करंट क्राइम। कुलदीप त्यागी, भाजपा पार्षद ने कहा कि अनुपूरक बजट से नगर निगमों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बढ़ा बजट स्थानीय समस्याओं के समाधान में सहायक होगा। सड़क, सफाई और पेयजल योजनाओं में तेजी आएगी। आम नागरिक को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### ओबीसी और सहकारिता क्षेत्र को बजट में ठोस समर्थन मिला : श्यामवीर चौधरी



करंट क्राइम। श्यामवीर चौधरी, सदस्य प्रदेश कार्य समिति ओबीसी मोर्चा भाजपा ने कहा कि सहकारिता, तकनीकी शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों में बढ़ा खर्च महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रू० 639.96 करोड़ का तकनीकी शिक्षा बजट युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाएगा। ओबीसी वर्ग की आर्थिक भागीदारी मजबूत होगी। यह बजट समावेशी विकास की दिशा में कदम है।

### पंचायतों और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा सीधा लाभ : ममता त्यागी



करंट क्राइम। ममता त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रू० 3,500 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण इलाकों में सुविधाएं बढ़ाएगा। पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। महिला एवं बाल विकास के लिए रू० 535 करोड़ का आवंटन सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करेगा। यह बजट गांव-गरीब को केंद्र में रखता है।

### व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन : अनिल अग्रवाल सांवरिया



करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल सांवरिया, महानगर सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ ने कहा कि ऊर्जा और उद्योग पर बढ़ा खर्च व्यापार के लिए सकारात्मक है। उत्पादन लागत घटेगी और बाजार में स्थिरता आएगी। यह बजट व्यापार-हितैषी है।

### कुटीर उद्योग और स्वरोजगार को मिलेगा लाभ : वेद प्रकाश गर्ग



करंट क्राइम। वेद प्रकाश गर्ग, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष ने कहा कि औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ा निवेश कुटीर उद्योगों के लिए भी लाभकारी होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बजट आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है।

### सहकारिता को मिलेगी नई ऊर्जा: वीरेंद्र सारस्वत



करंट क्राइम। वीरेंद्र सारस्वत, महानगर संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ ने कहा कि अनुपूरक बजट से सहकारिता क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इससे सीधा लाभ होगा। यह बजट सामूहिक विकास की दिशा में अहम है।

### शहरी विकास के लिए 1,758 करोड़ का प्रावधान शहरों की तस्वीर बदलेगा : संजीव त्यागी



करंट क्राइम। संजीव त्यागी, पूर्व पार्षद भाजपा ने कहा कि रू० 1,758.56 करोड़ का शहरी विकास आवंटन नगरों की मूलभूत समस्याओं के समाधान में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि सड़क, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों में तेजी आएगी। अनुपूरक बजट से अधूरी योजनाओं को पूरा करने का रास्ता साफ हुआ है। यह बजट नगर स्तर पर सुशासन को मजबूत करेगा।

### शहरी-ग्रामीण संतुलन बजट की बड़ी ताकत : सरदार सिंह भाटी



करंट क्राइम। सरदार सिंह भाटी, पूर्व निगम पार्षद ने कहा कि यह अनुपूरक बजट शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संतुलन साधता है। नगर विकास और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दिया गया है। विकास की धारा सभी क्षेत्रों तक पहुंचेगी।

### स्थानीय निकायों को वित्तीय मजबूती मिलेगी : प्रवीण बसोया



करंट क्राइम। प्रवीण बसोया, पूर्व पार्षद ने कहा कि यह अनुपूरक बजट स्थानीय निकायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है। नगर निगमों और परिषदों के अटके कार्य पूरे होंगे। विकास योजनाओं में रुकावट नहीं आएगी। आम नागरिक को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों पर सरकार का फोकस स्पष्टः केके शर्मा



करंट क्राइम। केके शर्मा, सोशल चौकीदार ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रू० 3,500 करोड़ और महिला-बाल विकास के लिए रू० 535 करोड़ का प्रावधान सरकार की प्राथमिकताओं को दशार्ता है। यह बजट समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करेगा। जनकल्याण इसकी मूल भावना है।

### स्थानीय संगठन और नगर विकास दोनों को गति देगा यह बजट : विनीत शर्मा



करंट क्राइम। विनीत शर्मा, पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि नगर विकास और ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश जमीनी स्तर पर असर दिखाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली क्षेत्र को रू० 4,521 करोड़ मिलने से आपूर्ति और लागत दोनों में सुधार आएगा। संगठन स्तर पर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। यह बजट कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाला है।

### क्षेत्रीय विकास योजनाओं को मिलेगी गतिः राजू पंचाल



करंट क्राइम। राजू पंचाल, क्षेत्रीय संयोजक ने कहा कि अनुपूरक बजट से क्षेत्रीय विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। अधूरी परियोजनाएं पूरी होंगी। विकास कार्यों में वित्तीय बाधा नहीं आएगी। यह बजट संतुलित और व्यावहारिक है।

### युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और रोजगार पर फोकस स्वागत योग्य : युगांक यादव



करंट क्राइम। युगांक यादव, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सचिव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के लिए रू० 639.96 करोड़ और उद्योग क्षेत्र के लिए रू० 4,874 करोड़ का प्रावधान युवाओं के भविष्य को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। युवाओं को प्रदेश में ही अवसर मिलेंगे। यह बजट नई पीढ़ी की जरूरतों को समझता है।

### विकास की रफ्तार बनाए रखने वाला बजटः सतपाल प्रधान



करंट क्राइम। सतपाल प्रधान, पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह अनुपूरक बजट समय की आवश्यकता था। इससे विकास कार्यों की गति बनी रहेगी। सरकार ने वित्तीय अनुशासन के साथ प्राथमिक क्षेत्रों को मजबूत किया है।

## संपादकीय

# हाथ से बुनी यादें

एक समय था जब सर्दियों का मौसम घर की महिलाओं की तैयारियों से शुरू होता था, जब वे हाथ से ऊनी स्वेटर बुनती थीं। इन स्वेटरों में समय, स्नेह और धैर्य की गर्माहट छिपी होती थी, जो रिश्तों की मजबूती दर्शाती थी।

शैलेंद्र पांडेय एक समय था जब जाड़ों का मौसम कैलेंडर से नहीं, घर की महिलाओं की तैयारियों से शुरू होता था। जैसे ही हल्की ठंड का अहसास होता, अलमारियों से रंग-बिरंगी ऊन की गांठें निकल आतीं। आंगन, बरामदे या छत पर बैठी मां, दादी या बुआ के हाथों में सलाइयां चलने लगतीं और उनके साथ ही शुरू हो जाता था सर्दियों का असली इंतजार - हाथ से बुने स्वेटर का। हाथ से बुना स्वेटर समय, स्नेह और धैर्य से बुनी हुई गर्माहट है। हर फंदे में छिपी है किसी अपने की चिंता और हर गांठ में रिश्तों की मजबूती। इन स्वेटरों की खूबसूरती उनके परफेक्शन में नहीं, उनकी खामियों में है। कहीं फंदा टेढ़ा, कहीं डिजाइन पहले से बदला हुआ, कहीं रंग थोड़ा अलग। इन स्वेटर में सिर्फ गर्माहट नहीं, अपनापन भी लिपटा होता है। मशीन से बुने गए बाजार में मिलने वाले स्वेटर बिना शक ज्यादा स्टाइलिश होते हैं। ये सस्ते हैं, सुलभ हैं, लेकिन इन्हें पाने के लिए न मन मचलता है और न पाने के बाद होती है वैसी संतुष्टि। हाथ से बुना हर स्वेटर एक कहानी है। यह एक सामाजिक काम जैसा है, जिसमें कई लोगों ने दो-दो, चार-चार फंदे लगाए होते हैं। मानो उनके साथ उनकी बातें भी गुंथती जाती हैं इसमें। ये स्वेटर किसी ट्रेंड से नहीं बंधे होते, बल्कि अपना ट्रेंड खुद सेट करते हैं। अब फैशन की दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है और किसी ब्रैंड की अहमियत उसकी यूनिकनेस में है। इस पैमाने पर बिल्कुल खरा उतरता है हाथ से बुना स्वेटर। इसमें हर पीस खास होता है, किसी खास शख्स के लिए बुना हुआ। फास्ट फैशन की भीड़ में अलग खड़ा, एक मॉडर्न आर्ट की तरह जो वक्त से परे है और बरसों-बरस चलता रहता है। भारतीयों की पुरानी आदत है कुछ बर्बाद न करना। किसी चीज को अलग-अलग तरह से तब तक इस्तेमाल करते हैं, जब तक वह इस्तेमाल लायक रहती है। इस मामले में इन स्वेटर की उम्र बड़ी लंबी है। एक से दूसरे हाथों में ये स्नेह और गर्माहट बांटते चलते हैं। और जब चमक फीकी पड़ने लगती है तो फिर से खुलकर बदल जाते हैं ऊन के गोलों में।

स्वेटर बुनाई का काम ध्यान और लय के बिना पूरा नहीं हो सकता। कौन-सी सलाई कब चलेगी, कौन-सा फंदा कब किसे काटेगा - सब तय है। एक गलती पूरे ताने-बाने को बिगाड़ देती है और फिर वहीं से सिलाई उधड़ती चली जाती है। यही लय जीवन में भी है, जहां समय की सुइयां हमारी जिंदगी को बुनती चलती हैं। आज जब दुनिया की गति तेज हो गई है, तो मशीन से हाथ मात खा रहे हैं। सलाइयों की खटर-पटर भले पहले जैसी नहीं होती, ये स्वेटर पहले से कम नजर आते हों, लेकिन इनके होने का अहसास हमेशा बना रहेगा।

# भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल

## सेंसेक्स 638 अंक और निफ्टी 206 अंक चढ़कर बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक उछलकर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक की बढ़त के साथ 26,172.40 पर बंद हुआ। विदेशी निधि प्रवाह और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में और ढील की उम्मीदों पर वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच निवेशकों का सकारात्मक रहा। इसके कारण बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले सत्र की तेजी को बरकरार रखते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 85,567.48 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 671.97 अंक या 0.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 85,601.33 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़कर 26,000 के अंक से ऊपर 26,172.40 पर बंद हुआ।

**डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे गिरा :** सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान से मिल रहे समर्थन के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से रुपया शुरूआती बढ़त गंवा बैठा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 89.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल:** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, इंफोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मारुति सबसे बड़े लाभ कमाने वालों में शामिल थीं। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन इस मामले में पिछड़ गए।

**यूरोपीय बाजारों में रहा मिला-जुला हाल :** एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 2 प्रतिशत से अधिक उछला, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक भी लगभग 2 प्रतिशत बढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी सकारात्मक दायरे में रहे। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

वैश्विक संकेतों के समर्थन से भारतीय बाजारों ने तेजी को जारी रखा जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि मजबूत तरलता और वैश्विक संकेतों के समर्थन से भारतीय बाजारों ने साल के अंत की तेजी को जारी रखा, क्योंकि 2026 में फेड द्वारा और अधिक राहत उपायों की उम्मीदें विकास को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी निवेशक शुद्ध खरीदारी में जुट गए, जिससे सकारात्मक माहौल और मजबूत हुआ, जिसमें आईटी और धातु क्षेत्र ने बढ़त का नेतृत्व किया।

### इन कारणों से बाजार में तेजी देखने को मिली

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि यूएसडी-आईएनआर विनिमय दर में स्थिरता आने के साथ-साथ पिछले कुछ सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू इक्विटी के शुद्ध खरीदार बनने के आंकड़ों ने डेरिवेटिव सेगमेंट में व्यापक खरीदारी और शॉर्ट कवरिंग को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में और ढील की उम्मीदों से समर्थित वैश्विक जोखिम लेने की प्रवृत्ति भी मजबूत बनी रही, जिसने वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की गति को बनाए रखने में मदद की।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 60.99 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.86 प्रतिशत बढ़कर 60.99 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,830.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 5,722.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 447.55 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 84,929.36 पर बंद हुआ। निफ्टी 150.85 अंक या 0.58 प्रतिशत चढ़कर 25,966.40 पर पहुंच गया।

### जीडीपी-सीपीआई और आईआईपी के आंकड़ों में बड़ा बदलाव

# फरवरी 2026 में नई सीरीज जारी होगी

**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 से बदल जाएंगे जीडीपी और महंगाई के आंकड़े। सरकार ने आधार वर्ष में बदलाव का ऐलान किया है। जानें कब जारी होगी नई सीरीज और औद्योगिक उत्पादन के नए आंकड़े। खुदरा मुद्रास्फीति के साथ-साथ राष्ट्रीय लेखा के लिए आधार वर्ष में बदलाव के साथ व्यापक आर्थिक आंकड़ों की एक नई श्रृंखला फरवरी में जारी होगी। इसके साथ ही औद्योगिक उत्पादन के नए आंकड़े अगले वर्ष मई में जारी किए गए जाएंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार यह जानकारी दी।



एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने मंगलवार को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार संशोधन पर एक पूर्व-रिलीज परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई की नई श्रृंखला, जिसके आंकड़े आधार वर्ष (2024=100) के हैं, 12 फरवरी, 2026 को जारी होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने निर्धारित हैं। आधार वर्ष 2022-23 मानते हुए आईआईपी आंकड़ों की नई श्रृंखला 28 मई को जारी की जाएगी। मंगलवार को आयोजित होने वाली प्री-रिलीज परामर्श कार्यशाला, पहली कार्यशाला के बाद हो रही है, जो 26 नवंबर को मुंबई में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी के चल रहे आधार संशोधन में प्रस्तावित पद्धतिगत और संरचनात्मक परिवर्तनों को साझा करना है ताकि प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां प्राप्त की जा सकें।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों का एक व्यापक समूह जुड़ेगा। इनमें प्रख्यात अर्थशास्त्री, वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ, विषय विशेषज्ञ, मुख्य सांख्यिकी के उपयोगकर्ता और केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इस विविध समूह की भागीदारी से चचाओं को समृद्ध बनाने और उपयोगकताओं को संशोधित श्रृंखला में हुए परिवर्तनों से परिचित कराने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष आमतौर पर सुबह और शाम को देखा जाता है लेकिन दोपहर में बहुत ही कम होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इंद्रधनुष बनाने के लिए प्रकाश को 42 डिग्री पर बारिश की बूंद पर गिरना चाहिए जो दोपहर में संभव नहीं है क्योंकि सूर्य 42 डिग्री से अधिक ऊंचाई पर होता है।
- ऐसा माना जाता है कि इंद्रधनुष को उसके आकार के कारण नाम दिया गया था। चाप एक धनुष की तरह दिखता है (जैसे धनुष और तीर) और जब यह घटना घटित हुई तो आमतौर पर बारिश हो रही थी।
- न्यूटन ने इंद्रधनुष के रंगों को निर्धारित किया जो हम आज याद करते हैं। हालांकि, मूल रूप से उन्होंने नारंगी या इंडिगो शामिल नहीं किया था। उन्होंने उन्हें बाद में अपने अप्रत्यक्ष विश्वास के कारण जोड़ा कि 7 अलग-अलग रंग होने चाहिए, जैसे कि संगीत पैमाने में 7 नोट्स और सप्ताह के 7 दिन होते हैं।
- हवा से देखे जाने पर इंद्रधनुष पूर्ण सर्किल के रूप में दिखाई देते हैं। वे केवल जमीन से चाप के रूप में दिखाई देते हैं क्योंकि दर्शक के नीचे कोई वर्षा नहीं हो रही होती है।

# सोने-चांदी के वायदा भाव चढ़े, ब्याज दरों में कटौती के अनुमान और डॉलर में कमजोरी से तेजी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी का भाव सोमवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक बार फिर नए हाई की ओर बढ़ गया। बाजार में इस तेजी का कारण डॉलर की कमजोरी और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती को माना जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर फरवरी डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव 1628 रुपये या 1.21 प्रतिशत चढ़कर नए रिकॉर्ड हाई 1,35,824 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते सोने का यह भाव 574 रुपये या 0.43% बढ़ा था।

एमसीएक्स पर चांदी के वायदा भाव में भी जोरदार उछाल देखने को मिला। मार्च 2026 के अनुबंध के लिए चांदी की कीमत में 6,144 रुपये या 2.95 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई और यह 2,14,583 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले सप्ताह इसमें 15,588 रुपये या 8.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटीज उपाध्यक्ष राहुल कलांत्री ने कहा, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों ने सप्ताह की शुरूआत नए ऑल टाइम हाई से की। छह मुद्राओं



के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 98.60 पर स्थिर बना हुआ था, जिससे सोने की कीमतों को और मजबूती मिली। वैश्विक स्तर पर, फरवरी डिलीवरी के लिए कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स में 42 अमेरिकी डॉलर या 0.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 4,429.3 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

कॉमेक्स बाजार में मार्च 2026 के चांदी वायदा भाव में 2.04 अमेरिकी डॉलर या 3.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह विदेशी बाजार में 69.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में धातु के भाव में 5.48 अमेरिकी डॉलर या 8.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर: भारतीय निर्यात पर अब शून्य शुल्क

**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड के साथ अपने द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर सोमवार को मुहर लगा दी। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को इसका एलान किया। उन्होंने कहा कि इससे उनके निर्यातकों के लिए



दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

भारत की व्यापार कूटनीति इस समय तेज रफ्तार में आगे बढ़ रही है। एक ओर अमेरिका के साथ बड़ी ट्रेड डील पर बातचीत तेजी से चल रही है। जबकि दूसरी तरफ भारत ने न्यूजीलैंड के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को सफलतापूर्वक अंतिम रूप दे दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर मजबूत भरोसा जताया है। उन्होंने कहा यह समझौता सिर्फ व्यापार से जुड़े आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी सकारात्मक असर डालेगा।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में करीब 20 अरब डॉलर के निवेश का भरोसा दिया है। यह निवेश मैन्युफैक्चरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्विस सेक्टर और इनोवेशन से जुड़े क्षेत्रों में किया जाएगा।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कहा, भारतझन्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू होने के बाद भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा। इससे किसानों, एमएसएमई, कर्मचारियों, कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्योग और युवाओं के साथ-साथ टेक्सटाइल, कपड़ा, चमड़ा और फुटवियर जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को सीधा फायदा पहुंचेगा।

### भारत के किसानों को मिलेगा फायदा

गोयल ने कहा, यह फायदा केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छोटे और मझोले उद्यमों, कारीगरों और महिला उद्यमियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। अब ये वर्ग बिना अतिरिक्त अड़चनों के अपने उत्पाद सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकेंगे। इसके साथ ही इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, फार्मा, मशीनरी और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों के लिए भी नए कमाई के अवसर बनेंगे। यह कदम भारत की मैन्युफैक्चरिंग ताकत को वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि, यह एफटीए किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिए न्यूजीलैंड के बाजार में भारतीय कृषि उत्पादों के लिए नए अवसर खुलेंगे। इनमें फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड उत्पाद शामिल हैं। कृषि उत्पादकता साझेदारी, उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच से भारतीय किसानों को उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। शहद, कीवी और सेब जैसे बागवानी उत्पादों पर केंद्रित विशेष पहलें इस क्षेत्र को और मजबूत करेंगी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देंगी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता दारू पीते हुए पकड़ा गया...
जज- इस आदमी को क्यों पकड़ा गया
वकील- ये आदमी दारू पीकर
ड्राइव कर रहा था
जज- क्या सबूत है कि इसने दारू पी रखी थी
वकील- ये व्यक्ति खुद,
संता- जी सर, एक पेग ही लिया था
जज भी बेहोश।

---

जज-तुमने हवलदार की जेब में
माचिस क्यों जलाई?
पप्पू-सर, हवलदार साहब ने कहा था,
जमानत चाहिए, तो जेब गर्म कर, मैंने माचिस जला दी।

---

एक लड़का भागते हुए लड़की के पास आया और
बोला-मैं तुमसे दोस्ती करना चाहता हूं...
लड़की-तो हमारी दुश्मनी कब थी भैया?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत की टी-20 विश्वकप टीम में लौटे ईशान किशन

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन के मुताबिक ईशान किशन की टी-20 वर्ल्ड कप टीम में वापसी क्रिकेट की ओर से मिला इनाम है, क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में मेहनत कर खेल को पूरा सम्मान दिया। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी में ऐतिहासिक प्रदर्शन और झारखंड को पहला खिताब दिलाने के बाद ईशान ने साबित किया कि निरंतर परिश्रम से राष्ट्रीय टीम में वापसी संभव है।

भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आगामी टी-20 विश्व कप के लिए ईशान किशन की भारतीय टीम में वापसी को लेकर खुलकर अपनी राय रखी है। अश्विन का मानना है कि यह चयन किसी सिफारिश या संयोग का नतीजा नहीं, बल्कि क्रिकेट की ओर से दिया गया एक इनाम है। उनके मुताबिक, ईशान किशन की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही है कि उन्होंने क्रिकेट को वह सम्मान दिया, जिसका वह हकदार है।

ईशान किशन को टीम में दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया है। यह वापसी उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के दम पर की है, जहां उन्होंने झारखंड को उसका पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई और पूरे टूर्नामेंट के टॉप रन-स्कोरर रहे।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अश्विन ने कहा, 'यह क्रिकेट की ओर से ईशान किशन को मिला एक तोहफा है। बाहर बैठे कई लोग इसे समझ सकते हैं और कुछ को यह चयन अनुचित भी लग सकता है। लेकिन जिंदगी घूमकर वापस आती है। ईशान पहले टीम में क्यों नहीं थे और अब कैसे लौटे, इसका सिर्फ एक ही कारण है।

उन्होंने क्रिकेट को उसका सम्मान दिया।' अश्विन का यह बयान सीधे तौर पर उस दौर की ओर इशारा करता है, जब ईशान किशन चयनकर्ताओं की प्राथमिकता से बाहर हो गए थे। अब घरेलू क्रिकेट में लगातार मेहनत और प्रदर्शन ने उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम के दरवाजे तक पहुंचा दिया।



## घरेलू क्रिकेट न खेलने की वजह से बाहर हुए थे

ईशान का क्रिकेट जीवन गजब का रहा है। 2022-23 में उन्होंने अचानक दक्षिण अफ्रीका में खेलने से इनकार कर दिया था। वह घर लौटे और कहीं गुम हो गए। उन्हें फिर चयनकर्ता अजीत अगरकर और तब कोच रहे राहुल द्रविड़ ने कहा कि अब वापसी के लिए उन्हें घरेलू टूर्नामेंट्स खेलने होंगे। हालांकि, ईशान ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया था। फिर उन्हें बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी निकाल दिया था। अब उसी घरेलू क्रिकेट के दम पर वह वापसी करने में कामयाब हुए हैं।

### सैयद मुश्ताक में ऐतिहासिक प्रदर्शन

ईशान किशन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025/26 सत्र में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 पारियों में 517 रन बनाए, उनका औसत 57.44 का रहा और स्ट्राइक रेट 197 से अधिक का रहा। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक निकले, जिनमें से एक हाई-प्रेशर फाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ आया। ईशान की अगुआई में झारखंड ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता, जो उनके करियर का एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

### घरेलू क्रिकेट बना चयन का आधार

अश्विन ने ईशान किशन की वापसी के पीछे उनके घरेलू क्रिकेट संघर्ष को सबसे अहम वजह बताया। उन्होंने कहा कि ईशान ने बुची बाबू ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी की तैयारियों और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में खुद को पूरी तरह झोंक दिया। अश्विन ने कहा, 'उन्होंने बुची बाबू ट्रॉफी खेली। ईशान किशन जैसे खिलाड़ी ने चेन्नई में हुए टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। वह रणजी ट्रॉफी की तैयारियों में नंबर वन परफॉर्मर रहे। उन्होंने क्रिकेट की हर कसौटी को पार किया, खेल का सम्मान किया और इसलिए आज सफल हुए।'

### वर्ल्ड कप टीम की तस्वीर

टी20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। फिटनेस और फॉर्म को लेकर शुभमन गिल को टीम से बाहर रखा गया है, जबकि अक्षर पटेल को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत को ग्रुप अ में नामीबिया, नीदरलैंड्स, पाकिस्तान और अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगी।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई से रिटायर हो सकते हैं अब ब्रॉक लेस्नर

**नई दिल्ली।** गुंथर आज हहए के उन चुनिंदा रेसलरों में हैं, जिन्हें लीजेंड्स के फेयरवेल मोमेंट्स, ऐतिहासिक टाइटल रन और भविष्य की मेन-इवेंट तस्वीर, तीनों से जोड़ा जा रहा है। गोल्डबर्ग का अध्याय बंद हो चुका है, जॉन सीना अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं और ब्रॉक लेस्नर का भविष्य अनिश्चित है। इन सबके बीच गुंथर डब्ल्यूडब्ल्यूई के नए युग की ठोस, तथ्यात्मक पहचान बन चुके हैं।

गुंथर ऑस्ट्रिया में जन्मे प्रोफेशनल रेसलर हैं, जो वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट यानी डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपने सख्त, अनुशासित और पावर रेसलिंग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। उनका असली नाम वॉल्टर हान है। डब्ल्यूडब्ल्यूई में आने से पहले उन्होंने यूरोपियन इंडिपेंडेंट सर्किट और एनएक्स्टी यूके में लंबा समय बिताया, जहां उन्होंने खुद को तकनीकी और शारीरिक रूप से मजबूत रेसलर के रूप में स्थापित किया। गुंथर को मौजूदा पीढ़ी के उस रेसलर के रूप में देखा



जा रहा है, जिनके खिलाफ मुकाबले WWE के दिग्गजों के अंतिम अध्याय का अहम हिस्सा बने। उनकी सख्त इन-रिंग शैली और मजबूत बुकिंग ने उन्हें लीजेंड्स के फाइनल रन से जोड़ दिया।

WWE मेन रोस्टर में आने के बाद गुंथर को 'द रिंग जनरल' के नाम से पेश किया गया। उनका कैरेक्टर शो-ऑफ या माइक्रोफोन प्रोमो से ज्यादा रिंग के भीतर कंट्रोल, स्ट्रेंथ और इन-रिंग साइकोलॉजी पर आधारित रहा है। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप के साथ ऐतिहासिक और लंबा टाइटल रन दर्ज किया।

# 90 मीटर की दूरी पार करने में सफल रहे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स के लिए 2025 का साल उतार चढ़ाव भरा रहा। भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने जहां 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार नहीं रख सके। वहीं, डोपिंग ने भी भारतीय एथलेटिक्स को काफी सताया।

वर्ष 2025 अब समापन की ओर बढ़ रहा है। कुछ ही दिन बाद 2026 की शुरूआत हो जाएगी और 2025 का साल यादों में रह जाएगा। खेलों के लिहाज से यह साल भारत के लिए काफी अच्छा रहा, लेकिन एथलेटिक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिले। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करने में सफल रहे, लेकिन डोपिंग के डंक ने एथलेटिक्स को काफी सताया।

### विश्व चैंपियनशिप में नीरज के हाथ लगी निराशा

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। इस प्रतियोगिता में युवा सचिन यादव ने चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया और इस तरह से भाला फेंक में विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।



### कई एथलीट डोपिंग का हुए शिकार

डोपिंग का खतरा कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं क्योंकि कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी इसकी चपेट में आ गए।

इनमें ओलंपियन भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह और एशियाई खेलों की पूर्व पदक विजेता चक्का फेंक की खिलाड़ी सीमा पुनिया भी शामिल हैं। अपनी तरह के पहले मामले में एक एथलीट और उसके कोच की जोड़ी को डोपिंग के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि दो नाबालिग एथलीट भी डोपिंग में पकड़े गए।

# नीलामी में पांच टीमों की महंगे सौदे, पर अधूरी रणनीति ने खींचा ध्यान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की नीलामी ने एक बार फिर साबित किया कि सिर्फ बड़ी रकम खर्च करना सफलता की गारंटी नहीं है। उपलब्धता, फॉर्म, भूमिका की स्पष्टता और टीम संतुलन, ये सभी कारक उतने ही अहम हैं। जिन टीमों ने इन बातों को नजरअंदाज किया, उनके लिए यह सीजन भारी पड़ सकता है।

आईपीएल 2026 के लिए मिनी नीलामी चर्चा में रहा, लेकिन इस बार वजह रिकॉर्ड बोली नहीं, बल्कि कई टीमों की संदिग्ध रणनीति रही। इस बार कुछ फ्रेंचाइजियों ने जरूरत से ज्यादा पैसे अनिश्चित खिलाड़ियों पर खर्च किए, जबकि कुछ ने साबित मैच-विनर्स को बेहद सस्ते में जाने दिया और उनकी जगह उन खिलाड़ियों को खरीदा, जो अब तक इस लीग में फेल रहे हैं। यह ऑक्शन कई मायनों में मौका चूकने की कहानी बन गया।

सनराइजर्स हैदराबाद की सबसे ज्यादा आलोचना 13 करोड़ रुपये में लियम लिविंगस्टोन को खरीदने को लेकर हुई। लिविंगस्टोन एक



विस्फोटक बल्लेबाज जरूर हैं, लेकिन उनका सटीक रोल फिनिशर, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज या पार्ट-टाइम गेंदबाज है? यह अब भी स्पष्ट नहीं है। उनकी गेंदबाजी हाल फिलहाल में किसी भी टूनार्मेंट में प्रभावी नहीं रही, जिससे इतनी बड़ी रकम सवालों के घेरे में आ गई। इसके अलावा इस टीम की सबसे बड़ी चूक यह रही कि मोहम्मद शमी के विकल्प के रूप में कोई बड़ा और भरोसेमंद तेज गेंदबाज नहीं जोड़ सका। नतीजा यह हो सकता है कि बल्लेबाजी में चमक के बावजूद टीम का बॉलिंग अटैक पूरे सीजन दबाव में रहे। पिछले सत्र में खराब गेंदबाजी चिंता की वजह बनी थी।

कोलकाता नाइट राइडर्स का ऑक्शन पूरी तरह 'उच्च जोखिम-उच्च लाभ' रणनीति पर आधारित दिखा, लेकिन जोखिम कुछ ज्यादा ही बड़े रहे। टीम ने मथीशा पथिराना पर 18 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2025 सीजन में उनकी इकॉनमी 10 से ऊपर रही और चोट की आशंका भी बनी हुई है। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने 9.20 करोड़ रुपये में मुस्तफिजुर रहमान को खरीदा और यह फैसला भी सुर्खियों में है। बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण उनकी उपलब्धता सीमित रह सकती है, जो आईपीएल जैसे लंबे टूनार्मेंट में बड़ी समस्या बन सकती है। इतना ही नहीं, रहमान चोटिल भी रहते हैं और तीन बार के चैंपियन केकेआर को यह रास नहीं आ सकता है।

राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी गलती डेविड मिलर को मात्र 2 करोड़ रुपये में जाने देना मानी जा रही है। आईपीएल में खुद को बार-बार साबित कर चुके फिनिशर मिलर का यूं हाथ से निकलना कई विशेषज्ञों को हैरान कर गया। इसके उलट आरआर ने एडम मिल्ने पर 2.40 करोड़ रुपये खर्च किए।हेटमायर और जुरेल पिछले सीजन में कई मैचों को फिनिश करने में कामयाब नहीं हो सके थे। जडेजा के रूप में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर जुड़ा जरूर है, लेकिन नई टीम के संयोजन में वह कितने फिट बैठते हैं, यह देखने वाली बात होगी। संजू सैमसन के नहीं रहने से टीम कमजोर तो हुई है।

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने भी जोश इंग्लिस पर भारी रकम खर्च की, जबकि उनके पास पहले से विकेटकीपर विकल्प मौजूद थे। सीमित उपलब्धता वाले खिलाड़ी पर इतना निवेश कई विश्लेषकों को गैरजरूरी लगा।

# आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड खिलाड़ियों की सबसे मजबूत प्लेइंग-11

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में कई बड़े और अनुभवी नामों का अनसोल्ड रह जाना क्रिकेट फैंस के लिए हैरानी भरा रहा। टीमें रणनीति, उम्र, फिटनेस और भविष्य की योजना को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ीं, लेकिन इस प्रक्रिया में कई ऐसे खिलाड़ी बाहर रह गए जो किसी भी टीम की प्लेइंग-11 को मजबूती दे सकते थे। अगर इन अनसोल्ड खिलाड़ियों को मिलाकर एक टीम बनाई जाए, तो वह कागजों पर किसी भी फ्रेंचाइजी को कड़ी टक्कर देने में सक्षम नजर आती है। आइए जानते हैं...

इस संभावित प्लेइंग-11 की शुरूआत डेवोन कॉनवे और जॉनी बेयरस्टो जैसे अनुभवी विदेशी बल्लेबाजों से होती है। कॉनवे जहां विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका में टीम को स्थिरता देते हैं, वहीं बेयरस्टो अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से पावरप्ले में विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बना सकते हैं। दोनों ही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित कर चुके हैं, इसके बावजूद नीलामी में



**नीलामी में कई अनुभवी और उपयोगी खिलाड़ी अनसोल्ड रह गए। इन खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई गई संभावित प्लेइंग-11 में डेवोन कॉनवे और जॉनी बेयरस्टो जैसे अनुभवी ओपनर, वियान मुल्डर की कप्तानी में मजबूत मिडिल ऑर्डर और संतुलित ऑलराउंड विकल्प नजर आते हैं।**

अनदेखी का शिकार बने। अनसोल्ड खिलाड़ियों की प्लेइंग-11 के ओपनर स्लॉट के लिए ये दोनों परफेक्ट दिखाई पड़ते हैं। बेयरस्टो के अनुभव को देखते हुए टीम की कमान उन्हीं के हाथों में होगी।

मध्यक्रम में विजय शंकर और महिपाल लोमरोर जैसे भारतीय बल्लेबाज टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। विजय शंकर जहां अनुभव के साथ उपयोगी गेंदबाजी भी कर सकते हैं, वहीं लोमरोर बाएं हाथ के बल्लेबाज के तौर पर स्पिन के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकते हैं और वह बड़ी हिट लगाने में भी सक्षम हैं। लोमरोर स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम में दक्षिण अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर वियान मुल्डर भी हैं, जो आने वाले समय के दिग्गज खिलाड़ी माने जा रहे हैं। वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी के साथ-साथ तेज गेंदबाजी भी कर सकते हैं। उनके साथ माइकल ब्रेसवेल जैसा मैच-विनर ऑलराउंडर टीम की गहराई को और मजबूत करता है।

ऑलराउंडर विकल्प के तौर पर तनुष कोटियान या आरएस हेंगरगेकर जरूरत के मुताबिक टीम में जगह बना सकते हैं। अगर पिच स्पिन की मददगार है तो तनुष और अगर तेज गेंदबाज की मददगार है तो हेंगरगेकर खेल सकते हैं। स्पिन विभाग में कर्ण शर्मा या कुमार कार्तिकेय जैसे गेंदबाज मौजूद हैं, जो भारतीय पिचों पर असरदार साबित हो सकते हैं। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी आकाश मधवाल संभालेंगे, जिनके साथ चेतन साकरिया या सिमरजीत सिंह नई गेंद और डेथ ओवर्स में विकल्प होंगे। अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में कमलेश नागरकोटी या केएम आसिफ को शामिल किया गया है।

2026 की नीलामी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्रिकेट में मौके और किस्मत का खेल भी उतना ही अहम है जितना प्रदर्शन। अनसोल्ड रहे खिलाड़ी की संभावित प्लेइंग-11 में कुल मिलाकर ऑलराउंडर्स और स्पेशलिस्ट का अच्छा मिश्रण है और यह टीम 10 फ्रेंचाइजी को टक्कर देने की क्षमता रखती है। इस टीम में दो बल्लेबाज, पांच ऑलराउंडर्स, एक स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज हैं।

आईपीएल 2026 में अनसोल्ड रहे खिलाड़ियों की प्लेइंग-11ः डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो (कप्तान), विजय शंकर, वियान मुल्डर , महिपाल लोमरोर, तनुष कोटियान/आरएस हेंगरगेकर, माइकल ब्रेसवेल, कर्ण शर्मा/कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, चेतन साकरिया, कमलेश नागरकोटी/केएम आसिफ। इम्पैक्ट प्लेयर में परिस्थिति के हिसाब से पर इन पांच में से कोई एकः यश ढुल, मयंक डागर, मुरुगन अश्विन, राज लिम्बानी, स्वास्तिक चिकारा।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार ने आत्मविश्वास के साथ दिया संदेश

**अहमदाबाद।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर अपने खराब फॉर्म को लेकर चर्चा में हैं। इस बार वजह बना अहमदाबाद स्थित एक यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ उनकी बातचीत, जहां उन्होंने बेहद बेबाक अंदाज में अपने संघर्ष और मानसिकता पर बात की। सूर्यकुमार ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी का करियर हमेशा अच्छे दौर में नहीं रहता और खराब समय को सीखने की प्रक्रिया के तौर पर देखना चाहिए।

उन्होंने अपने भाषण में कहा, 'एक खिलाड़ी हमेशा अच्छे समय का आनंद नहीं लेता। मैं यह नहीं कह रहा कि हम बुरे दौर से गुजरते हैं, बल्कि यह सीखने की प्रक्रिया होती है। मेरे लिए यह वही लर्निंग फेज है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।'

**'जिस दिन मैं बरसाङ्ग' बयान ने खींचा ध्यान**

35 वर्षीय सूर्यकुमार ने अपने बयान में आत्मविश्वास भी दिखाया, जिसने सोशल मीडिया पर खासा ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, 'फिलहाल मेरे 14 जवान मेरे लिए कवर कर रहे हैं। वे जानते हैं कि जिस दिन मैं फटूंगा, क्या होगा। मुझे यकीन है आप लोग भी जानते हैं।' इस बयान को कुछ लोगों ने जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास बताया, जबकि समर्थकों का मानना है कि यह कप्तान का खुद पर भरोसा दशार्ता है।

**पढ़ाई से तुलना कर समझाया संघर्ष**

सूर्यकुमार ने अपनी मौजूदा स्थिति की तुलना छात्र जीवन से करते हुए कहा कि जैसे कम नंबर आने पर कोई पढ़ाई छोड़ नहीं देता, वैसे ही खिलाड़ी भी मेहनत करना नहीं छोड़ता।



सूर्यकुमार यादव ने अहमदाबाद की यूनिवर्सिटी में खराब फॉर्म पर खुलकर बात करते हुए इसे अपने करियर का लर्निंग फेज बताया। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं और वह मेहनत के दम पर वापसी करने के लिए पूरी तरह सकारात्मक हैं।

उन्होंने कहा, 'अगर आपकी परीक्षा में कम नंबर आते हैं तो क्या आप स्कूल छोड़ देते हैं? नहीं, आप फिर मेहनत करते हैं। मैं भी वही करने की कोशिश कर रहा हूं और बेहतर प्रदर्शन के साथ वापसी करना चाहता हूं।'साल 2025 सूर्यकुमार यादव के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहद कठिन रहा। उन्होंने 19 पारियों में सिर्फ 218 रन बनाए, औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 का रहा। एशिया कप में उनका सर्वोच्च स्कोर 47 रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में चार पारियों में केवल 34 रन ही बना सके।

### चयन, समर्थन और आगे की राह

टी20 वर्ल्ड कप टीम की घोषणा से पहले सूर्यकुमार ने खुद माना था कि उनका खराब दौर कुछ ज्यादा लंबा खिंच गया है। फिर भी उन्हें टीम में बरकरार रखा गया, जबकि उपकप्तान शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया। चयनकताओं का भरोसा उनके पिछले रिकॉर्ड और मैच जिताने की क्षमता पर है। टीम के अंदर से भी उन्हें समर्थन मिल रहा है। तिलक वर्मा का मानना है कि सूर्यकुमार सिर्फ एक अच्छी पारी दूर हैं। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में सूर्यकुमार के पास खुद को साबित करने का अगला बड़ा मौका होगा।

# वेस्टइंडीज पर न्यूजीलैंड की जीत से भारत को क्यों हुआ नुकसान



### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025/27 का मौजूदा हाल

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 6 | 0 | 0 | 72 | 100.00 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 2 | 0 | 1 | 28 | 77.78 |
| द. अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00 |
| श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| भारत | 9 | 4 | 4 | 1 | 52 | 48.15 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 5 | 1 | 26 | 27.08 |
| बांग्लादेश | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| वेस्टइंडीज | 8 | 0 | 7 | 1 | 4 | 4.17 |

**दुबई।** वेस्टइंडीज के खिलाफ न्यूजीलैंड की जीत से उन्हें हळउ पॉइंट्स टेबल में अहम बढ़त मिली, जिससे भारत की रैंकिंग और अंक प्रतिशत पर नकारात्मक असर पड़ा। इस नतीजे के बाद भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह और कठिन हो गई है और अब बाकी टेस्ट मैचों में जीत बेहद जरूरी हो गई है।

माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए सीरीज के तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कीवियों ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज भी 2-0 से अपने नाम की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। टीम दूसरे स्थान पर काबिज है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बरकरार है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 2027 में खेला जाना है। अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीमों के बीच फाइनल होगा।

न्यूजीलैंड ने बे ओवल में वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में विंडीज टीम 138 रन पर सिमट गई। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। वहीं, वेलिंगटन में खेले गए दूसरे टेस्ट को न्यूजीलैंड ने नौ विकेट से अपने नाम किया था।

वेस्टइंडीज पर जीत के बाद न्यूजीलैंड के तीन मैचों में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ 28 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 77.78 है। टीम दूसरे स्थान पर है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया का एशेज में शानदार प्रदर्शन जारी है। उसके छह टेस्ट में छह जीत के साथ 72 अंक हैं। टीम का अंक प्रतिशत 100 है। दक्षिण अफ्रीका ने भारत में दो टेस्ट जीते और चार मैचों के बाद तीन जीत और एक हार के साथ टीम का अंक प्रतिशत 75.00 है। वहीं, उसके अंक 36 हैं।

**भारतीय टीम तालिका में छठे स्थान पर**

श्रीलंका ने इस चक्र में अब तक दो टेस्ट में एक जीत और एक ड्रॉ के साथ 16 अंक अर्जित किए हैं। उसका अंक प्रतिशतक 66.67 है। पाकिस्तान दो टेस्ट में एक जीत और एक हार के साथ 12 अंक लिए बैठा है। उसका अंक प्रतिशत 50.00 है। वहीं, भारत इस चक्र में अब तक सबसे ज्यादा नौ टेस्ट खेल चुका है। उसने अभी तक चार टेस्ट जीते हैं और चार में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। 48.15 अंक प्रतिशत के साथ भारतीय टीम तालिका में छठे स्थान पर है। भारत के 52 अंक हैं। इंग्लैंड आठ टेस्ट में दो जीत और पांच हार के साथ सातवें स्थान पर है। उसके 26 अंक हैं और 27.08 अंक प्रतिशत हैं। बांग्लादेश 16.67 अंक प्रतिशत के साथ आठवें और वेस्टइंडीज 4.17 अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है।

## भूटिया ने खेल आयोजनों में राजनीतिक औपचारिकताओं पर नाराजगी जताई

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने खेल आयोजनों में राजनीतिक औपचारिकताओं को प्राथमिकता देने पर नाराजगी जताई है भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया ने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के स्टार बल्लेबाज लियोनेल मेसी के सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

पत्रांक : 1785/भूखण्ड अनुभाग/2024 दिनांक : 19/12/2024


विषय – भूखण्ड संख्या – के0एफ0–76 कविनगर, गाजियाबाद के सम्बंध में

**श्री सुमित अग्रवाल व श्री मनु अग्रवाल पुत्रगण स्व0 श्री अवनीश कुमार अग्रवाल निवासीगण - के0एफ0 - 76, कविनगर गाजियाबाद।**

उपरोक्त विषयक भूखण्ड़ के अभिलेखों में नामदर्ज कराने हेतु आप द्वारा जनहित पोर्टल पर प्रस्तुत आवेदन पत्र संख्या एम0यू0 20241108114410432 दिनांक 08/11/2024 के क्रम में आपको कार्यालय के पत्र दिनांक 19.11.2024 के द्वारा सार्वजनिक सूचना का समाचार पत्रों में प्रकाशन कराकर समाचार पत्रों की प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया था। परन्तु आपके द्वारा समाचार पत्रों की प्रति कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गयी है। अत : आपका आवेदन पत्र स्थगित/ निरस्त किया जाता है। समाचार पत्रझें की प्रति प्राप्त होने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही की जानी सम्भव होगी।

सहा0 प्रभारी सम्पत्ति
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

# गाजियाबाद आसपास




## नम आंखों से दी गई स्वर्गीय मूलचंद कंसल को भावभीनी श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हापुड़ के मनोहर रीजेंसी में आयोजित शोक सभा में स्वर्गीय मूलचंद कंसल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मूलचंद कंसल का निधन 10 दिसंबर को हो गया था। 22 दिसंबर सोमवार को उनकी शोक सभा हापुड़ में आयोजित की गई। शोक सभा में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय मूलचंद कंसल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## भाजपा नेता राजा वर्मा की मैरिज एनिवर्सरी पर शुभकामनाओं का मेला



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा की मैरिज एनिवर्सरी पर उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं और बधाई दी। सभी ने उनके सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्वर्गीय स्वर्णलता त्यागी को किए गए श्रद्धा सुमन अर्पित





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी की माता स्वर्गीय स्वर्णलता त्यागी की शोक सभा क्लाउड नाइन में आयोजित की गई। शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय स्वर्णलता त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## शुभकामनाएं



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारणी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिलकर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## मोदीनगर बैनामा लेखक संघ चुनाव



### श्रीपाल सिंह बने अध्यक्ष व प्रदीप शर्मा निर्विरोध सचिव निर्वाचित

मोदीनगर (करंट क्राइम)। बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर का वार्षिक चुनाव 2025-26 मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज सिंह हरित व प्रमोद कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर श्रीपाल सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल को हराकर 8 मतों से विजय प्राप्त की, प्रदीप कुमार शर्मा निर्विरोध सचिव पद पर चुने गयें। उपाध्यक्ष पद पर अंकुर शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी इमरान खान से 10 मतों से विजय प्राप्त की व कपिल सांगवान कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कपिल चैधरी की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी बैनामा लेखक बृजेश शर्मा, नरेश अमराला, रणवीर सिंह दहिया, सोमवीर सिंह नेहरा, विपिन सिरोही, वीरेंद्र त्यागी, राकेश उपाध्याय, राजेंद्र सिंह अमराला, परमात्मा शरण वर्मा, मनोज शर्मा, वेद प्रकाश सागर, विकास चैधरी, महेश गौड, मुकेश शर्मा, कांति त्यागी, अर्जुन त्यागी, अशोक त्यागी, विरेन्द्र, तेजवीर सिंह गुड्डू आदि बैनामा लेखक उपस्थित रहे।

## रेडिएंट पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह भव्य रूप से संपन्न






गाजियाबाद करंट क्राइम। रेडिएंट पब्लिक स्कूल द्वारा दिनांक 20 दिसंबर को प्रीतम फार्म में वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, नाटक एवं गीत शामिल थे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविंद्र त्यागी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा की और इसके लिए प्रधानाध्यापिका डॉ विनीता त्यागी और उनके संपूर्ण स्टाफ को साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, आशाराम त्यागी, पार्षद अमित डबास, गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान संयोजक संदीप त्यागी रसम, भाजपा नेता नीरज त्यागी, आशु पंडित, एड विनीत त्यागी, एड के जी शर्मा, मुकेश त्यागी, रजनीश त्यागी, राजीव त्यागी, शिव कुमार त्यागी, डॉ हिमानी त्यागी, शेखर त्यागी, दीपक त्यागी, रवींद्र त्यागी, राहुल त्यागी, मनोज गर्ग आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और भूरि भूरि प्रशंसा की।

## मानवता: शीतलहर से राहत दिलाने के लिए प्रवीण भाटी ने बांटी चाय



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भीषण ठंड व शीतलहर के प्रकोप से लोगों को राहत दिलाने के लिए वार्ड-83 की पार्षद कविता भाटी ने अपने कार्यकाल पर चाय-बिस्किट वितरित कर लोगों को राहत दिलाने का काम किया। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी ने बताया कि 5 साल से लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। वे लोगों को चाय पिलाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। उनकी इस सेवा भावना को लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। प्रवीण भाटी का कहना है कि वे लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

उनकी इस सेवा भावना से लोगों को काफी लाभ हो रहा है। इसके साथ ही रात के समय आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित भी किया जा रहा है। साथ ही कई स्थानों पर अलावों की भी व्यवस्था की गई है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एसआईआर में जुटे अधिकारी व कर्मचारी अन्य कामकाज पर लगा ब्रेक




मोदीनगर (करंट क्राइम)। इन दिनों तहसील प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारीगण व बीएलओ एसआईआर अभियान को पूरा करने में जुटे हैं। अभियान की अंतिम तारीख 31 दिसंबर हैं, लेकिन मतदाताओं से गणना पत्र 26 दिसंबर तक लिए जाएंगे। अभियान के चलते विभागों के अन्य कामकाजों पर एक तरह से ब्रेक सा लग गया है। बड़ी संख्या में आय, जाति सहित अन्य प्रमाणपत्र बनाने का काम लंबित चल रहा है। तहसीलस्तर काम लंबित हैं। अधिकतर आवेदकों को 26 दिसंबर के बाद आने के लिए कहा जा रहा है।

इसको लेकर सबसे अधिक परेशानी आवेदकों के सामने आ रही हैं, जिन्हें शिक्षा के अधिकार नियम के तहत अपने बच्चों के लिए आवेदन करने हैं। जनवरी से आरटीई के तहत दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि हर साल यह दिसंबर में शुरू होती है, लेकिन इस बार पर अधिकतर शिक्षा विभाग का स्टॉफ बीएलओ डयूटी में व्यस्त है। जिसके चलते जनवरी से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में आवेदक अभी से ही दाखिले के लिए निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य विभाग से जारी प्रमाण पत्र तहसीलस्तर से जारी प्रमाण पत्र बनवाने में जुटे हैं। लेकिन आवेदकों द्वारा आवेदन किए जाने के बाद भी उन्हें विभागों के चक्कर काटने पड़ रहे है। ना तो प्रमाण पत्र को लेकर सत्यापन किया जा रहा, ना हीं विभाग से जारी हो पा रहे हैं। प्रशासन के अधिकतर अधिकारी विधानसभा क्षेत्र में आरओ व एआरओ के रूप में तैनात हैं।

ऐसे में उनकी प्राथमिकता एसआईआर अभियान को समय से पूरा कराना है। हालांकि बीच-बीच में अधिकारी विभाग के अन्य काम भी निपटा रहे हैं, लेकिन प्रमाण पत्र सबंधी कार्य बड़े पैमाने पर लंबित चल रहे हैं। इतना ही नहीं अन्य शिकायतों के निस्तारण का कार्य भी थम सा गया है। इस संबन्ध में अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर के काम के साथ ही अन्य कार्यों को भी समय पर निपटारा किया जा रहा है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वाद-विवाद कौशल कार्यशाला व प्रतियोगिता का आयोजन





गाजियाबाद करंट क्राइम। नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 को वाद-विवाद कौशल कार्यशाला व प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारूप विश्वस्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता पर आधारित था, जिसमें विभिन्न टीमों के बीच सशक्त तर्कझ्रवितर्क के माध्यम से विचारों की गतिशील प्रस्तुति देखने को मिली।

इस प्रतियोगिता से पूर्व 11 दिसंबर 2025 को ऑनलाइन वाद-विवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी प्रतिभागी विद्यालयों के छात्र व अंग्रेजी शिक्षक शामिल हुए। प्रतियोगिता के आरंभ में स्मृति राजीव शर्मा ने नियमों की जानकारी देने के साथ एक अच्छे तर्ककर्ता के गुणों पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला के माध्यम से गाजियाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा, वाराणसी व प्रयागराज के विद्यार्थियों को तर्कझ्रकौशल विकसित करने के नए तरीकों से अवगत कराया गया। निर्णायक मंडल में सुश्री स्मृति राजीव शर्मा के साथ यजुर डोलवानी व मोहित हुड्डा शामिल रहे। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों—कक्षा 6-7, 8-9 एवं 10-12 में विभाजित किया गया। प्रत्येक श्रेणी में समाज व स्कूली शिक्षा से जुड़े तीन विषय दिए गए। कार्यक्रम में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिनमें नेहरू वर्ल्ड स्कूल, उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स, खेतान वर्ल्ड स्कूल, डीपीएस गुरुग्राम, डीपीएस नोएडा, एलन हाउस पब्लिक स्कूल वसुंधरा, गौर इंटरनेशनल स्कूल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, एहल्कॉन इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली, लॉरेल्स इंटरनेशनल स्कूल प्रयागराज तथा सनबीम स्कूल (लहरतारा व वरुणा), वाराणसी शामिल रहे।

तीनों श्रेणियों में श्रेष्ठ वक्ताओं को टैबलेट पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 6-7 में आरित जैन (एलन हाउस पब्लिक स्कूल, वसुंधरा), कक्षा 8-9 में आरनी महेंद्र तथा कक्षा 10-12 में नेहरू वर्ल्ड स्कूल के दक्षराज सिंह और एलन हाउस पब्लिक स्कूल, वसुंधरा की समृद्धि सिंह ने संयुक्त रूप से श्रेष्ठ वक्ता का खिताब जीता। सभी श्रेष्ठ वक्ताओं को टैबलेट, स्पीकर, बैग व पुस्तकें पुरस्कार स्वरूप दी गईं, जबकि अन्य प्रतिभागियों को पुस्तकें व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने तथ्यों के साथ अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विरोधी तर्कों का सशक्त खंडन किया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोचक व ज्ञानवर्धक बना।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Pradeep Chauhan Valmiki**
26m ·

आज भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय श्रीमान लाला बुद्ध प्रकाश गर्ग के बेटे श्री वेद प्रकाश गर्ग के प्रतिष्ठा पर जाना हुआ अपना समय और प्यार हमेशा देते रहते हैं साधुवाद आपको बड़े भाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले एक ऐसे भाजपा कार्यकर्ता है जो इस बात पर नाज कर सकते हैं कि उनके पिता स्वर्गीय लाला बुद्ध प्रकाश गर्ग भाजपा के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। उनके पुत्र वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले एक ऐसी मिसाल है जो सामने वाले को हमेशा सम्मानित करते हैं। आज के दौर में जब पद के लिए लोग हद पार कर जाते हैं तब ऐसे दौर में वेदप्रकाश गर्ग एक मिसाल है जो गर्व से खुद को भाजपा कार्यकर्ता लिखते हैं। उनके प्रतिष्ठान पर कोई जाए और उसे प्रतिष्ठा ना मिले ऐसा नहीं हो सकता। पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान जब उनके प्रतिष्ठान पर गए तो यहां स्नेह और सम्मान दोनों पाकर वह अभिभूत हो गए। प्रदीप चौहान ने स्नेह सम्मान की परंपरा को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# शेख हसीना के बयान पर क्या सोचते हैं वरिष्ठ राजनयिक

**भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर एक बार फिर सियासी ताप बढ़ गया है। उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में हुई हिंसा और एक हिंदू व्यक्ति की मौत ने फिर इस आग को और बढ़ा दिया। इसी बीच बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत के पूर्वोत्तर और चिकेन नेक वाले बयान पर नई बहस शुरू हो गई। ऐसे में इस खबर में ये जानेंगे कि शेख हसीना के इन बयानों के क्या मायने हैं**



**ढाका।** शेख हसीना ने बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम व्यवस्था के तहत उभरी कुछ आवाजें खतरनाक और गैर-जिम्मेदार हैं। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी समझदार नेता उस पड़ोसी देश को धमकी नहीं दे सकता, जिस पर बांग्लादेश का व्यापार, आवागमन और क्षेत्रीय स्थिरता निर्भर करती है। उनके मुताबिक, यह बयानबाजी बांग्लादेश के राष्ट्रीय हित में नहीं है और भारत को ऐसे बयानों पर चिंता करने का पूरा अधिकार है।

पूर्व भारतीय राजनयिक वीना सीकरी ने शेख हसीना के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि मौजूदा अंतरिम शासन लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की जनता ऐसा चुनाव स्वीकार नहीं करेगी, जिसमें सबकी भागीदारी न हो। वीना सीकरी ने उस घटना का भी जिक्र किया, जिसमें उस्मान हादी की हत्या को लेकर हालात पूरी तरह अराजक नजर आए और बिना ठोस आधार के भारत पर आरोप लगाने की कोशिश हुई।

उन्होंने आगे कहा कि उस्मान हादी की हत्या को लेकर बाद में यह सामने आया कि संदिग्ध व्यक्ति हाल के दिनों में उसी राजनीतिक रैली में देखा गया था, जिसमें हादी शामिल थे। इसके बावजूद शुरूआती तौर पर भारत पर आरोप मढ़े गए। उन्होंने कहा कि अंतरिम शासन के मुखिया यूनुस की सरकार को इस मामले में भारत सरकार से माफी मांगनी चाहिए।

## पूर्वोत्तर पर खतरे की आशंका- रॉबिंदर सचदेव

विदेश मामलों के विशेषज्ञ रॉबिंदर सचदेव ने कहा कि बांग्लादेश के मौजूदा नेतृत्व की ओर से भारत की सात बहन राज्यों को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, वे सीधे तौर पर चिंता बढ़ाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि जब यह कहा जाता है कि हादी की राजनीतिक सोच आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करेगी, तो इसका संकेत भारत के पूर्वोत्तर के लिए खतरे की ओर जाता है, जहां पहले से ही उग्रवाद जैसी समस्याएं रही हैं।

रॉबिंदर ने आगे बताया कि हादी की राजनीतिक सोच का मूल विचार भारत से दूरी बनाना है और यह सोच अगर आगे बढ़ती है तो दोनों देशों के रिश्तों को नुकसान पहुंच सकता है। जानकारों का मानना है कि बांग्लादेश की जनता भारत के साथ मजबूत रिश्तों की अहमियत समझती है। ऐसे में लोकतंत्र की बहाली और जिम्मेदार शासन लौटने पर इस तरह की बयानबाजी अपने-आप खत्म हो जाएगी।


## यूनुस सरकार में कानून-व्यवस्था बिगड़ी- महेश सचदेव

पूर्व भारतीय राजनयिक महेश सचदेव ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के हालिया बयानों का समर्थन करते हुए कहा है कि मौजूदा हालात उनके दावों की पुष्टि करते हैं। बातचीत में सचदेव ने कहा कि इंकलाब मंचो के नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद हुई हिंसा और उसे संभालने में सरकार की नाकामी इस बात का साफ सबूत है।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश के गृह अधिकारियों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्हें हादी के कथित हत्यारे की जानकारी नहीं है। पहले बिना किसी सबूत के यह दावा किया गया कि आरोपी भारत भाग गया है, जिससे भारत विरोधी माहौल बना, लेकिन अब वही अधिकारी कह रहे हैं कि उन्हें आरोपी के ठिकाने का पता नहीं है। सचदेव ने कहा कि ऐसे में शेख हसीना द्वारा इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाना बिल्कुल सही है। महेश सचदेव ने बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व की बयानबाजी पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा शासन के दौरान कुछ नेता 'ग्रेटर बांग्लादेश' जैसी बातें कर रहे हैं और भारत के 'चिकन नेक' या सात बहन राज्यों को अलग-थलग करने जैसे संकेत दे रहे हैं, जो पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि भारत राजनीतिक और सैन्य रूप से एक बड़ा और सक्षम देश है और इस तरह के बयान हालात को और बिगाड़ने वाले हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शेख हसीना और यूनुस के बीच टकराव नया नहीं है और दोनों के बीच नेतृत्व को लेकर पुराना मतभेद रहा है। उनके मुताबिक, हसीना के हालिया बयान बांग्लादेश में उनकी सत्ता से हटने के बाद बिगड़ते हालात, घटती आर्थिक वृद्धि और बढ़ती बेरोजगारी को उजागर करने की कोशिश भी हैं।

# मस्क के स्टारलिंक सैटेलाइट को निशाना बनाने के लिए हथियार बना रहा रूस



**पेरिस।** नाटो देशों की खुफिया एजेंसियों का दावा है कि रूस एक ऐसा हथियार विकसित कर रहा है, जिसकी मदद से वह पृथ्वी की निचली कक्षा में मौजूद एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट्स को तबाह कर सकेगा। जानिए इसे लेकर पश्चिमी देश क्यों घबराए हुए हैं।

नाटो के दो सदस्य देशों की खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि रूस एक ऐसा हथियार विकसित कर रहा है, जिससे वह एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट को निशाना बना सके। स्टारलिंक सैटेलाइट की मदद से ही यूक्रेन की सेनाएं युद्धक्षेत्र में संचार करने में सक्षम हैं। ऐसे में अगर रूस, स्टारलिंक को तबाह कर देता है तो इससे यूक्रेन की संचार व्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो सकती है।

पश्चिमी देशों की खुफिया एजेंसियों का दावा है कि नए हथियार से रूस स्टारलिंक सैटेलाइट पर हजारों छर्रों से हमला कर सकता है, जिससे सैटेलाइट के कई हिस्से क्षतिग्रस्त होकर काम करना बंद सकते हैं। हालांकि कई विशेषज्ञों ने रूस के ऐसे हथियार बनाने पर शक जताया है।

स्पेस सिक्योरिटी विशेषज्ञ विक्टोरिया सैमसन का कहना है कि 'मैं नहीं मानती कि रूस ऐसा कोई हथियार बना रहा है, लेकिन रूस अगर ऐसी किसी योजना पर काम कर रहा है तो यह बेहद चौंकाने वाली बात है।' हालांकि कनाडा सेना की स्पेस डिविजन के कमांडर क्रिस्टोफर हॉर्नर मानते हैं कि रूस ऐसा कर सकता है, लेकिन उनका भी कहना है कि इससे रूस को भी नुकसान हो सकता है। रूस ने अभी तक नाटो खुफिया एजेंसियों के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस, एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट्स को बड़ा खतरा मानता है, क्योंकि स्टारलिंक की हजारों सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में तैनात हैं और ये यूक्रेन में संचार में बेहद अहम है।

# उस्मान हादी की तरह हमलावरों ने सिर में मारी गोली



**ढाका।** नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता मोतालेब सिकदर को सोमवार को खुलना में गोली मार दी गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हमलावरों ने सीधे उनके सिर को निशाना बनाया। यह हमला सुबह के समय किया गया।

बांग्लादेश में होने वाले आम चुनावों से पहले देश में हिंसक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को बांग्लादेश में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक और छात्र नेता को गोली मार दी। यह घटना शरीफ उस्मान हादी की मौत के कुछ दिनों बाद हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिमी शहर खुलना में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने 2004 के छात्र आंदोलन के दूसरे नेता मोतालेब सिकदर को गोली मारी है।

बांग्लादेशी न्यूज पोर्टल द डेली स्टार के अनुसार, मोतालेब सिकदर को सिर में गोली मारी गई है। सिकदर को गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। छात्र नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब बांग्लादेश अभी तक युवा नेता शरिफ उस्मान हादी की हत्या से उबर नहीं पाया है। हादी को 12 दिसंबर को ढाका के बिजयनगर इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने सिर में गोली मार दी थी। 32 वर्षीय हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

**कौन हैं मोतालेब सिकदर?**

गोलीबारी की घटना के बाद पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार, मोतालेब सिकदर नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के नेता हैं और पार्टी के खुलना डिवीजन के प्रमुख हैं और साथ ही इसके वर्कर्स फ्रंट के सेंट्रल कोऑर्डिनेटर के तौर पर भी काम करते हैं। एनसीपी ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, नेशनल सिटिजन पार्टी के खुलना डिवीजन के प्रमुख और पार्टी के वर्कर्स फ्रंट के सेंट्रल कोऑर्डिनेटर, मोतालेब सिकदर को कुछ मिनट पहले गोली मार दी गई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 42 साल के सिकदर बांग्लादेश में 2004 के हिंसक छात्र आंदोलन का एक अहम हिस्सा थे। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, सिकदर सोनाडांगा के शेखपारा पल्ली के रहने वाले हैं। सोनाडांगा मॉडल पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (जांच) मोहम्मद रफीकुल इस्लाम के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बदमाशों ने सुबह करीब 11:45 बजे शहर में गाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पास सिकदर के सिर को निशाना बनाकर गोली चलाई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोतालेब खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि गोली उनके कान के एक तरफ से घुसी, त्वचा को चीरती हुई दूसरी तरफ से निकल गई। यह हमला पिछले साल छात्र के विरोध प्रदर्शनों के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को ढाका के बिजोयनगर इलाके में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा सिर में गोली मारे जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है। जागोन्यूज24 की खबर के मुताबिक, पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोतालेब सिकदर अक्सर खुलना गाजी मेडिकल इलाके में अल अक्सा मस्जिद लेन में एक किराए के घर में आता-जाता थे।

यह मकान दो महिलाओं ने किराये पर ले रखा था। सिकदर इस मकान में रहने वाली महिला से मिलने जाते थे। हालांकि, महिला का नाम अभी पता नहीं चला है।

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड में नियुक्त किया विशेष दूत, डेनमार्क की गुहार- हमारी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें



**कोपेनहेगन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने सत्ता संभालते ही ग्रीनलैंड पर कब्जे की इच्छा जताई थी। अब अमेरिका ने इस दिशा में कदम उठाने की शुरूआत कर दी है। जिस पर डेनमार्क ने चिंता जताई है और बयान जारी कर उनकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की अपील की है।

डेनमार्क के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका सहित सभी को डेनमार्क की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। डेनमार्क के विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लुइसियाना के गवर्नर को ग्रीनलैंड के लिए अमेरिका का विशेष दूत नियुक्त करने का एलान किया है।

**ट्रंप, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात कह चुके:** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। अभी ग्रीनलैंड, डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। खनिज के मामले में समृद्ध ग्रीनलैंड रणनीतिक रूप से भी बेहद अहम है। बीते मार्च में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ग्रीनलैंड में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया और डेनमार्क पर वहां ध्यान ने देने का आरोप लगाया।

हालांकि धीरे-धीरे यह मुद्दा सुर्खियों से गायब हो गया। इस बीच अगस्त में डेनमार्क की सरकार ने अमेरिकी राजदूत को तलब किया और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से जुड़े तीन लोगों पर ग्रीनलैंड में गुप्त अभियान चलाने का आरोप लगाया। अब रविवार को, ट्रंप ने लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री को ग्रीनलैंड के लिए विशेष दूत के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

एलान करते हुए ट्रंप ने कहा कि 'जेफ समझते हैं कि ग्रीनलैंड हमारी और हमारे सहयोगियों की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कितना जरूरी है। हम हमारे देश के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।' इस पर लैंड्री ने पर साझा एक पोस्ट में लिखा 'ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए काम करना सम्मान की बात है।'

**डेनमार्क ने जारी किया बयान**

इस पर डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'यह नियुक्ति ग्रीनलैंड में अमेरिकी हित की निरंतरता की पुष्टि करती है।

# इस्राइली सेना ने गाजा युद्धविराम का उल्लंघन करने वाले आतंकवादियों पर बरसाईं गोलियां

**नई दिल्ली।** इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि रविवार सुबह उत्तरी गाजा पट्टी में तैनात यरुशलम ब्रिगेड की लड़ाकू टीम के जवानों ने येलो लाइन के पास जमा हुए कुछ संदिग्धों की पहचान की और उन्हें तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं। गोलियां चलाने के बाद, तीन आतंकवादी येलो लाइन पार कर गए और बलों की ओर इस तरह बढ़े, जिससे उन्हें तत्काल खतरा पैदा हो गया।

इसके अलावा उत्तरी गाजा पट्टी में दो अन्य घटनाओं में, इस्राइली बलों ने येलो लाइन पार करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान की और इस तरह बढ़े जिससे उन्हें खतरा पैदा हो गया। तीनों घटनाओं में बलों के निर्देश पर इस्राइली वायु सेना ने खतरे को खत्म करने के लिए आतंकवादियों पर हमला किया। आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि आतंकवादी मारे गए या घायल हुए।

# न्यूजीलैंड -भारत बीच अभी काफी है व्यापार, समझौते से होगा हासिल

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिलहाल कितना व्यापार होता है? मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देश क्या हासिल करना चाहते हैं? न्यूजीलैंड इससे किस तरह का फायदा चाहता है? इसके अलावा भारत को एफटीए से क्या फायदा हो सकता है और हमारी मांगें क्या हैं? इसके अलावा बीते वर्षों में भारत ने किन-किन देशों से एफटीए किया है?**




**न्यूजीलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लग गई है। दोनों देशों ने 10 वर्षों से अटकी समझौते पर बातचीत को इस साल मार्च में फिर शुरू किया था। अब नौ महीने बाद दोनों देशों के व्यापार को लेकर खुशखबरी आई है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिलहाल कितना व्यापार होता है? मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देश क्या हासिल करना चाहते हैं? न्यूजीलैंड इससे किस तरह का फायदा चाहता है? इसके अलावा भारत को एफटीए से क्या फायदा हो सकता है और हमारी मांगें क्या हैं? इसके अलावा बीते वर्षों में भारत ने किन-किन देशों से एफटीए किया है? आइये जानते हैं...

भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार काफी स्थिर गति से बढ़ा है। बीते पांच साल के डाटा पर नजर डाली जाए तो सामने आता है कि वित्त वर्ष 2020 में दोनों देशों के बीच 1.67 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। हालांकि, कोरोना महामारी के प्रभाव के चलते अगले दो वित्त वर्ष 2021, 2022 में दोनों देशों का व्यापार कम हुआ।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने 2023 में फिर रफ्तार पकड़ी। 2024 में यह आंकड़ा पहली बार दो अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया।

जून 2025 में समाप्त हुए वर्ष में भारत-न्यूजीलैंड के बीच वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग डेढ़ गुना से ज्यादा होते हुए 3.68 अरब डॉलर पहुंच गया था। इसके बावजूद भारत अब तक न्यूजीलैंड के लिए 12वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। न्यूजीलैंड अपने कुल निर्यात का 1.5 फीसदी ही भारत को भेजता है।

2024 में, वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर रहा। 2024 में, सेवाओं का व्यापार अकेले 1.24 अरब तक पहुंच गया, जिसका नेतृत्व पर्यटन, आईटी और व्यावसायिक सेवाओं ने किया। इसके अलावा 2024-25 में वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 1.3 अरब डॉलर तक आ गया। भारत के उत्पादों पर न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है, जबकि न्यूजीलैंड से आने वाले उत्पादों पर भारत का औसत टैरिफ 17.8 प्रतिशत है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू हुई थी।

# सऊदी अरब ने आसिम मुनीर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा, कई अहम मुद्दों पर हुई बातचीत



**इस्लामाबाद/रियाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर को सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा के दौरान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा गया है। सऊदी नेतृत्व ने इसे पाकिस्तान-सऊदी अरब के मजबूत और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक बताया।

पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान सऊदी अरब ने मुनीर को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। मुनीर को यह सम्मान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में दिया है।

इसको लेकर सेना ने सोमवार को कहा, 'सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने एक शाही फरमान जारी कर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को किंग अब्दुलअजीज मेडल ऑफ एक्सीलेंट क्लास से सम्मानित किया है, जो सऊदी अरब का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है।' इस दौरान सऊदी नेतृत्व ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की व्यावसायिकता और रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। इस सम्मान के जरिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ अपने मजबूत संबंधों को और भी मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

फील्ड मार्शल मुनीर ने इस सम्मान के लिए दो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक और सऊदी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया, और इसे पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्थायी संबंधों का प्रतीक बताया। इस दौरान मुनीर ने किंगडम की सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के प्रति पाकिस्तान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुनीर ने किंगडम की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद से भी मुलाकात की।

# रूसी जनरल की फिल्मी स्टाइल में हत्या, कार के नीचे विस्फोटक लगाकर किया धमाका, यूक्रेन पर है शक



**मॉस्को।** रूस की सेना के एक शीर्ष अधिकारी को फिल्मी स्टाइल में विस्फोट कर मार डाला गया है। हमले का शक यूक्रेन पर है। जांच एजेंसियां छानबीन कर रही हैं। गौरतलब है कि रूसी सेना के कई अधिकारी इस तरह के हमलों में मारे गए हैं।

रूस में एक सैन्य जनरल की फिल्मी स्टाइल में हत्या कर दी गई है। जांचकताओं ने बताया कि सोमवार सुबह दक्षिणी मॉस्को में एक रूसी जनरल की कार के नीचे एक विस्फोटक डिवाइस फटने से उनकी मौत हो गई। रूस की जांच समिति की आधिकारिक प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने बताया कि रूसी सेना के जनरल स्टाफ के ऑपरेशनल ट्रेनिंग निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव की इस हमले में मौत हो गई।


## पार्किंग में हुआ धमाका

रूसी जनरल की हत्या का शक यूक्रेन पर है। पेट्रेंको ने कहा, 'जांचकर्ता हत्या के संबंध में कई कोण से जांच कर रहे हैं। इनमें से एक यह है कि इस घटना को यूक्रेनी खुफिया सेवाओं द्वारा अंजाम दिया गया है।' रूसी मीडिया ने बताया कि मॉस्को की यासेनेवा स्ट्रीट पर एक पार्किंग में सुबह लगभग 7 बजे कार में विस्फोट हुआ। जिसमें रूसी जनरल फानिल सरवारोव की मौत हो गई। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सरवारोव की हत्या के बारे में जानकारी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरवारोव पहले चेचन्या में लड़ चुके थे और सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान का हिस्सा थे।

## रूसी सेना के एक और जनरल की भी इसी तरह से हुई थी हत्या

गौरतलब है कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने दिसंबर 2024 में एक ऐसे हमले में एक उच्च पदस्थ रूसी जनरल की हत्या की थी। रूसी सेना के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की उनके अपार्टमेंट बिल्डिंग के बाहर एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाकर रखे गए बम से मौत हो गई। इस हमले में इगोर के सहायक इल्या पोलिकारपोव की भी मौत हो गई थी। इस मामले में एक उज्बेक व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया गया और उस पर यूक्रेनी सुरक्षा सेवा की ओर से किरिलोव की हत्या का आरोप लगाया गया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने किरिलोव की हत्या को रूस की सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी गलती बताया, और कहा कि उन्हें इससे सीखना चाहिए और अपनी कार्यक्षमता में सुधार करना चाहिए, लेकिन अप्रैल में, एक और वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारी, लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक को मॉस्को के ठीक बाहर उनकी अपार्टमेंट बिल्डिंग के पास खड़ी उनकी कार में रखे विस्फोटक से मार दिया गया। इस मामले में संदिग्ध अपराधी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। मॉस्को ने रूस में कई बम धमाकों और अन्य हमलों के लिए भी यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

# ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने किया खुलासा 'सिडनी के हमलावर ने पिता से सीखा बंदूक चलाना'



**सिडनी।** सिडनी के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताह दो आतंकवादियों ने 15 लोगों की हत्या कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक प्रशिक्षण लिया था।

सिडनी के बॉन्डी बीच पर 15 लोगों की हत्या के आरोपी व्यक्ति ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लिया था। सोमवार को जारी ऑस्ट्रेलियाई पुलिस एक बयान के अनुसार उन लोगों ने सुनियोजित हमले के औचित्य के बारे में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। यह बयान सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल से नवीद अकरम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी के बाद सार्वजनिक किया गया, जहां उसकी पेट की चोट का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने 14 दिसंबर की गोलीबारी की घटना स्थल पर अकरम को घायल कर दिया और उसके पिता, 50 वर्षीय साजिद अकरम को मार डाला।

**अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगा है**

न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार ने पुष्टि की कि नवीद अकरम को सोमवार को अस्पताल से जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में आरोप लगाया गया है कि 24 वर्षीय युवक और उसके पिता ने बॉन्डी बीच पर एक वार्षिक यहूदी कार्यक्रम मना रही भीड़ की ओर चार तात्कालिक विस्फोटक उपकरण फेंककर अपना हमला शुरू किया, लेकिन उपकरण फटने में विफल रहे। पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बॉल बम बताया, जिनमें विस्फोटक, काला पाउडर और स्टील बॉल बियरिंग भरी हुई थीं। इनमें से कोई भी फटा नहीं, लेकिन पुलिस ने इन्हें सक्रिय आईईडी बताया। अधिकारियों ने अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगाया है, जिनमें हत्या के 15 मामले, घायल बचे लोगों के संबंध में हत्या के इरादे से नुकसान पहुंचाने के 40 मामले और एक आतंकवादी कृत्य करने का मामला शामिल है।

आठ दिवसीय हनुक्का उत्सव की शुरूआत में हुआ यह यहूदी विरोधी हमला 1996 में तस्मानिया राज्य में एक अकेले बंदूकधारी द्वारा 35 लोगों की हत्या के बाद से ऑस्ट्रेलिया में हुई सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी की घटना थी।

न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सोमवार को संसद में मसौदा कानून पेश किए, जिनके बारे में प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में सबसे सख्त कानून बन जाएंगे। नए प्रतिबंधों में बंदूक प्रशिक्षण लाइसेंस के लिए पात्रता की शर्त के रूप में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता को अनिवार्य बनाना शामिल होगा। इससे साजिद अकरम, जो स्थायी निवास वीजा धारक भारतीय नागरिक थे, लाइसेंस के दायरे से बाहर हो जाते। साजिद अकरम के पास कानूनी तौर पर छह राइफल और शॉटगन भी थीं।




# देर रात नगर आयुक्त का औचक निरीक्षण

# रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## ठंड से बचाव को लेकर रैन बसेरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाएं परखी, कंबल वितरण भी कराया







### रैन बसेरों में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं

- ठंड से बचाव के लिए अलाव व गर्म बिस्तर
- रसोई घर और स्नानघर की व्यवस्था
- महिलाओं के लिए अलग ठहराव
- टीवी, तख्त एवं स्वच्छ शौचालय
- नियमित सफाई और फॉगिंग
- आधार कार्ड जांच के बाद आश्रय की सुविधा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने देर रात शहर के विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम द्वारा निराश्रितों एवं राहगिरियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा जोन अंतर्गत कौशांबी स्थित स्थायी रैन बसेरा तथा सिटी जोन अंतर्गत पुराना बस अड्डा स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अलाव जलते हुए पाए गए और साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक रही। नगर आयुक्त ने रैन बसेरों में ठहरे आश्रितों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना तथा आधार कार्ड की जांच करते हुए सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वसुंधरा जोनल प्रभारी एसके राय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अशोक तथा सिटी जोनल प्रभारी आरपी सिंह मौजूद रहे।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश दिये कि ठंड बढ़ने पर हीटर की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। उन्होंने बस अड्डों व रेलवे स्टेशन पर सतत निरीक्षण और जरूरत के अनुसार नए स्थायी आश्रय स्थल स्थापित किए जाने के निर्देश दिये।

### रात में बस अड्डा- रेलवे स्टेशन का दौरा, जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने रात्रि भ्रमण के दौरान गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, कौशांबी मेट्रो स्टेशन, आनंद विहार बस अड्डा और पुराना बस अड्डा गाजियाबाद का भी दौरा किया। इस दौरान आवश्यकता के अनुसार राहगिरियों एवं निराश्रितों को कंबल वितरित किए गए। उन्होंने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। बाजार बंद होने के बाद नियमित सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग को मजबूत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को रात में ही फोन कर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही शहर के प्रमुख स्थलों पर डेकोरेटिव लाइटिंग लगाने के भी निर्देश दिए गए।

# एडीएम प्रशासन ने नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्य ने नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर, जनपद गाजियाबाद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था, आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, तथा उनके ऑनलाइन वेतन भुगतान से संबंधित पत्रावली का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के क्रम में पालिका क्षेत्र अंतर्गत जारी किए जा रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त लोकप्रिय विहार स्थित अस्थायी रैन-बसेरा का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

एडीएम प्रशासन ने पालिका क्षेत्र में प्रस्तावित एसटीपी प्लांट के स्थल का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अरुण प्रताप, अधिशासी अभियंता जल निगम गाजियाबाद एवं नवनीत गुप्ता, अवर अभियंता नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर उपस्थित रहे। एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्य ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सभी कार्य शीघ्रता से प्रारंभ कराने, कार्यालयीन कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न करने के निर्देश दिए।

# वार्ड 60 में मतदाता सूची पुनरीक्षणः पार्षद सचिन डागर ने भरवाए 700 फॉर्म, काम की गति हुई तेज

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 60 के पार्षद सचिन डागर ने कैंप लगाकर 700 फॉर्म भरवाए हैं, लेकिन अब फॉर्म 6 पर काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। पार्षद सचिन डागर ने बताया कि वार्ड 60 में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है, साथ जी जिसमें मतदाताओं के फॉर्म 6 भरवाए जा रहे हैं। पार्षद सचिन डागर के इस प्रयास से वार्ड 60 के मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने में मदद मिल रही है।

उन्होंने कैंप लगाकर 700 फॉर्म भरवाए हैं, जिससे वार्ड के मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने में मदद मिल रही है। इस कार्य के माध्यम से पार्षद सचिन डागर वार्ड के मतदाताओं को सुविधा प्रदान कर रहे हैं और उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।





# हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को मिल रहा भू-स्वामियों का भरपूर सहयोग

## अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के झांसे में नहीं आ रहे किसान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जी0डी0ए0) की नई योजना हरनन्दीपुरम के लिए भूमि जुटाव का कार्य निरंतर तेजी से प्रगति पर है। इस योजना को क्षेत्रीय भू-स्वामियों एवं ग्रामवासियों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। किसान अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त तत्वों के झांसे में न आकर प्राधिकरण के साथ सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अपनी भूमि के बैनामे कर रहे हैं।





भूमि क्रय प्रक्रिया के दौरान कुछ स्थानों पर विक्रय की जा रही भूमि पर अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें प्राधिकरण को प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जी0डी0ए0 की टीम द्वारा क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दिनांक 20.12.2025 (शनिवार) को अवैध मिट्टी खनन में लिप्त कुछ व्यक्तियों द्वारा भीड़ एकत्र कर हंगामा करने का प्रयास किया गया, जिसे प्रशासनिक तत्परता से नियंत्रित किया गया। प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ऐसे असामाजिक एवं अवैध कृत्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके बावजूद क्षेत्र के ग्रामवासियों का रुख अत्यंत सकारात्मक एवं जागरूक है। किसान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से स्वयं को अलग रखते हुए हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को क्षेत्रीय विकास का सशक्त माध्यम मान रहे हैं। इसी विश्वास के परिणामस्वरूप दिनांक 22.12.2025 को लगभग 11 भू-स्वामियों द्वारा जी0डी0ए0 के पक्ष में बैनामे निष्पादित किए गए। साथ ही ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर स्थित प्राधिकरण के कैम्प कार्यालय/भू-स्वामियों के आवास पर लेखपाल द्वारा लगभग 03 हेक्टेयर भूमि पर सहमति प्राप्त की गई। हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को आधुनिक एवं सुनियोजित टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें चौड़ी सड़कें, हरित पट्टियाँ, पार्क, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ, व्यावसायिक क्षेत्र तथा सुदृढ़ आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। यह परियोजना न केवल गाजियाबाद क्षेत्र के नियोजित विस्तार को गति देगी, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार एवं विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी।




# दामाद ने ससुर के साथ की मारपीट



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक युवक ने अपने ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का उपचार एक नीजी अस्पताल में चल रहा है।

थानान्तर्गत गांव मोहम्मदपुर कदीम निवासी रामानंद ने बताया कि उनका अपने दामाद अमित निवासी जीतपुर रोड मुरादनगर से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते आरोपी ने रामानंद को काजमपुर गेट के निकट पकड़ लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की जा रही है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** जीवन आशा हॉस्पिटल में गंग नहर पर श्री मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सौरभ सागर सेवा संस्थान एवं जीवन आशा हॉस्पिटल द्वारा कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। क्रिकेट प्रतियोगिता में जीवन आशा टीम विजयी हुई। विकास ने मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया तो वही बेस्ट बॉलर धर्मवीर रहे। वॉलीबॉल मे जीवन आशा की टीम विजय रही। रेस बी के मे विष्णु, रेस ए के मे धर्मवीर, स्पून रेस मे आयशा जैन व बैडमिंटन मे शनि विजयी हुए।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुनकर हैरान हो गया उस वक्त बृज वाले एरिये का भगवा मैम्बर फोन की टोर? जब मैम्बर के फोन पर आया यहां के भगवा कमिश्नर का तीन महीने बाद फोन? चौधरी घंटी को सुनकर हो रहे थे हैरान? वो सोच रहे थे कहीं उनके फोन पर कमिश्नर की घंटी बज तो नहीं गयी है कहीं बाईचांस? जो भी हो घटना बहुत ही हैरान कर देने वाली है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस वक्त एसआईआर अभियान एक विधायक के कार्यालय प्रभारी पर चल रहा है भारी? रोजाना करनी पड़ रही है शर्मा जी को इस अभियान को सफल करने की तैयारी? मगर इतनी चुनौतियों के बावजूद भी इनका जज्बा दिख रहा है खास? ये दे रहे हैं संदेश कि कुछ भी हो जाये हम आंकड़ा पार करेंगे नौ लाख? नहीं लेंगे टारगेट पूरा होने तक चैन? कोई हो ना हो हम तो दिल से हैं हैवी वेट वालों के फैन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर ने किया कुछ ऐसा सितम? पता चला है कि नदियापार के भगवा मैम्बर भाटी का कम हो गया है पांच किलो वजन? एक तो वोटर्स खेल रहे हैं फॉर्म भरने में इनके साथ आईसपाईस? इलाका ऐसा है, जिसमें हैं बहुत सारी हाईराइज? सुबह से शाम तक ये कर रहे हैं आराम? कहने वाले ने कहा अगर अभियान की डेट और आगे बढ़ गयी? अभी तो पांच किलो घटे हैं? आगे पांच किलो और हो जायेंगे तमाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों नदियापार के भगवा मैम्बर तोमर के साथ चल रहा है मामला बहुत ही हार्ड? वो जहां भी बांटते हैं एसआईआर के फॉर्म ? उनके भरे हुए फॉर्मों पर कोई और ही कर देता है हाथ साफ? सुना है वो कर रहे थे किसी से अपना दर्द-ए- दिल शेयर? कह रहे थे 48 सोसायटियों में फॉर्म हम बांटें और मलाई हमारी मेहनत की कोई और चाटे? हम ये सीन नहीं है देख पाते?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खड़े थे राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात वाली लाईन में ? उस वक्त हमने देखा पूरी राय से मैडम नजर आ रही थीं किसी से बहुत ज्यादा नाराज? जब हमने टटोला तो पता चला उनको संगठन के ही किसी बड़े चेहरे ने एक दिन पहले शब्द कहे थे बहुत ही हार्ड? हमने हार्ड शब्द कहने वाले उस चेहरे को मौके पर देखा मैडम को समझाते हुए? जैसे वो दे रहे हों संदेश? बड़ी बड़ी पार्टियों में होती रहती है ऐसी बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें गागर में सागर भरने वाले भगवा नागर की उस वक्त ठीक लगी बात? जब हो रही थी पार्टी के वर्तमान और पूर्व अध्यक्षों पर चर्चा बेहिसाब? यहां पर हर कोई भर रहा था तारीफ से लेकर बुराई तक का फॉर्म? जैसे ही नागर जी की बारी आई तो उन्होंने दिखाया अपना फॉर्म ? कहा हमारे योद्धा का काम है डायनेमिक और मजबूत है उनका बेस? मगर भगवा कमान्डर ने भी संगठन को मजबूती से चलाकर दिया था अपने समय में जबरदस्त संदेश ? देखने वाले देखते रह गये नागर जी का फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने तो भगवा नेताओं के बर्थडे पर देखी है भीड़? मगर शादी की सालगिराह में हमने नहीं देखा ऐसा माहौल? हम गये थे भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा वर्मा और भाभी जी को एनिवर्सरी की बधाई देने? वहां तो बधाईयों का दिख रहा था जबरदस्त सीन? कहने वाले ने कहा कि बधाई वाली भीड़ देखकर हमें हुआ इस बात का अहसास? ये आलम तो बिन बुलाये का है? समझ लो ये आलम तब क्या होता जब एनिवर्सरी का इनविटेशन गया होता सबके पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैडम को रास नहीं आयी योद्धा द्वारा प्रदान की गयी भक्ति को शक्ति? जब ये शक्तियां मिलीं तब मैडम ने पेश की अपने शब्दों की शक्ति? कहा हमें समझ नहीं आ रहा है उनको तवज्जो देने का सीन? वो मेहनत तो बरेली में कर रही है? फिर क्यों बजवा रहे हैं उनसे यहां के कार्यक्रमों की बीन? ऐसे तो हम जैसे चेहरों का मामला हो जायेगा लेट? हम हमेशा रहते हैं यहां के कार्यक्रमों के लिए पूरी तरह से अपडेट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी कभी ऐसे चेहरों की भी कर लिया करो बात? जिन्होंने पार्टी के कार्यक्रमों के लिए दिल दरिया और जिगर समन्दर किया था साहब? ऐसे कवि मोनू भईया का भी बता दो हाल? वो क्यों नजर नहीं आ रहे हैं संगठन वालों के नाल? कहने वाले ने कहा लगता है उनको भी हो गया है इस बात का अहसास? कमान्डर होते तो बात बनती? उन्हें नहीं मिलने वाला है संगठन में आने का पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो संगठन वालों को देना चाहते हैं सलाह? थोड़ा दांये-बांये देखकर बोला करें? उसी में है भला? दीवारों के भी होते हैं कान? यहां तो आजकल हर किसी के हाथ में कैमरे वाला मोबाईल है श्रीमान? जरा दांये-बायें देखकर कहें वोट घटने और बढ़ने की बात? मामला वायरल हुआ तो फिर देने पड़ेंगे कई तरह के जवाब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।